आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 179 | हापुड़, बुधवार 15 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## प्रधानमंत्री ने 'मिशन मौसम' की शुरुआत की, आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर स्मारक सिक्का जारी किया

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर देश को प्रत्येदक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए 'स्मार्ट राष्ट्र' बनाने के मकसद से 'मिशन मौसम' की शुरुआत की। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री ने आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर एक स्मारक सिक्का और मौसम संबंधी अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विज़न-2047 दस्तावेज़ भी जारी किया।






इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन की योजनाएं शामिल हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में आईएमडी की उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 'आज हम भारतीय मौसम विभाग यानी आईएमडी के 150 वर्ष का जश्न मना रहे हैं। यह केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, यह हमारे भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भी यात्रा है।' उन्होंने कहा कि आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक संस्थाओं में शोध और नवोन्मेष नए भारत के मिजाज का हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'इसीलिए, पिछले 10 वर्षों में आईएमडी की अवसंरचना और प्रौद्योगिकी का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। मोदी ने कहा कि जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक 'स्मार्ट राष्ट्र' बने, इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' भी शुरू किया है। उन्होंने कहा, 'मिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारियों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।' 'मिशन मौसम' का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों को कार्यान्वित करते हुए उच्चक स्तगरीय क्षमता को हासिल करना है। यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा। आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, पिछले 150 वर्षों के दौरान आईएमडी की उपलब्धियों, भारत को जलवायु-अनुकूल बनाने में इसकी भूमिका तथा विभिन्न मौसम और जलवायु सेवाएं प्रदान करने में सरकारी संस्थानों द्वारा निभाई गई भूमिका को प्रदर्शित करने के लिए कार्यक्रमों, गतिविधियों और कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई है।

## भाजपा पैसे से दिल्लीवालों के वोट खरीदना चाहती है - अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक बार फिर भाजपा पर जमकर हमला बोला और कहा कि गाली-गलौज पार्टी में हथियार डाल दिए हैं। वह पूरी तरह से जानते हैं कि वह चुनाव जीत नहीं सकते, इसलिए अब वह दिल्ली वालों के वोट पैसे से खरीदना चाहते हैं। मैं दिल्ली वालों से अपील करता हूं कि इनसे सारे पैसे ले लो, इनको बर्बाद कर दो। लेकिन, वोट मत देना। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे जैसे-जैसे समय बीत रहा है, आम आदमी पार्टी का ग्राफ भी ऊपर बढ़ता जा रहा है। हम ऊपर की ओर जा रहे हैं। गाली-गलौज पार्टी ने ऐसा लगता है हथियार डाल दिए हैं। उनके पास न नैरेटिव है, न उनके पास विजन है, न उनके पास सीएम का चेहरा है। खुलेआम पैसे बांटे जा रहे हैं, लेकिन जो पैसे बांटे गए, उन लोगों में बहुत असंतोष है। ऊपर से उनकी पार्टी ने भेजे 10,000 रुपए। लेकिन, उनके नेताओं को लग रहा है कि वह जीत तो रहे नहीं हैं तो इस चुनाव में पैसे ही कमा लिए जाएं, तो उनके नेताओं ने 9,000 रख लिए और जनता को हजार-हजार रुपए बांट दिए और वह भी इन्होंने सबको नहीं दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-



जैसे जनता को यह पता चलता है कि उनके नेता रुपए खा गए तो इस बात का जनता में भारी रोष है कि उनके नेता जनता के नाम पर आए हुए पैसे खा गए। उसके बाद उनकी पार्टी ने कंबल बांटने को भेजे। एक कॉलोनी में कंबल बांटे। बगल वाली कॉलोनी में नहीं बांटे तो बगल वाली कॉलोनी वाले पूछ रहे हैं इस कॉलोनी के कंबल कहां गए। इसी तरीके से यह भाजपा वाले साड़ियां, जूते, जैकेट यह सब कुछ बांट रहे हैं। लेकिन, उनके नेता कुछ कॉलोनी में जाते हैं, वहां पर सामान बांटकर वापस चले आते हैं। बगल वाली कॉलोनी के लोग पूछते हैं कि हमारा सामान कहां गया और उनके दफ्तरों पर जाकर हल्ला मचाते हैं। उन्होंने कहा कि अब सोने की चेन बांटना चालू कर दिया गया है। एक-दो कॉलोनी में उन्होंने सोने की चेन बांटनी शुरू की तो बात तेजी से फैल गई। अब आसपास के इलाके के लोग कह रहे हैं कि उनके नेता सोने की चेन भी खा गए। जिसको यह सामान नहीं मिलता है और वह उनके दफ्तर चला जाता है। उसके मुंह को बंद करने के लिए यह सामान दे दिए जाते हैं।

उनके नेता खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि दिल्ली वालों को तो हम खरीद लेंगे। दिल्ली वालों के वोट तो हम खरीद लेंगे। अब जब देख रहे हैं कि हार गए हैं तब खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि दिल्ली वालों को तो हम खरीद लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की जनता से अपील करना चाहता हूं कि वोट हीरे से ज्यादा कीमती है। वह किसी हालत में मत बिकने देना। जो पैसे बांटे, जो कंबल बांटे, जो साड़ी बांटे, जो चादर बांटे, उसको तो कतई वोट मत देना। यह देश के गद्दार हैं। इनको इतना अहंकार हो गया है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर आम आदमी पार्टी का कोई कैंडिडेट पैसे, सामान बांटे, तो उसको वोट मत देना। हम देश बदलने के लिए सड़ी-गली व्यवस्था को बदलने के लिए काम कर रहे हैं।

## दिल्ली में सरकार बनी तो जाति-जनगणना का क्रन्तिकारी कदम उठाएंगे- राहुल

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सबसे पहले जाति जनगणना कराई जाएगी और दलितों,पिछड़ों, आदिवासियों की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना का क्रांतिकारी कदम उठाया जाएगा। श्री गांधी ने सोमवार को यहां सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ खड़ी है और उनके हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाने और हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान हर जगह खोल रही है और इसके लिए उन्होंने 4000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की है। दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने दिल्ली में जो किया था वह असाधारण था और ऐसा काम है सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है इसलिए कांग्रेस का समर्थन कर उसके उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करें। कांग्रेस नेता ने कहा,भाजपा और आरएसएस के लोग देश का संविधान खत्म करना चाहते है। संविधान पर हर तेज आक्रमण हो रहा है, नफरत फैलाई जा रही है लेकिन मैं जब तक जीवित हूं किसी हिंदुस्तानी पर आक्रमण होगा तो राहुल गांधी उनकी रक्षा के लिए मौजूद रहेगा। मेरी राजनीति का मक़सद है कि मैं गरीब से गरीब व्यक्ति की सेवा में खड़ा रहा हूं। मैंने 4000 किलोमीटर पैदल यात्रा इसी संविधान को बचाने के लिए की है। देश में गरीब जनता भूखी मर रही है लेकिन एक उद्योगपति को एयरपोर्ट, पोर्ट सब कुछ सौपा जा रहा है, ऐसा हिंदुस्तान हमको नहीं चाहिए। मैं जहां भी जाता हूं यही कहता हूं कि इस देश में गरीबों की भागीदारी नहीं




है। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने महंगाई रोकने के लिए जो वादा किया था कि इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया। आज महंगाई चरम पर है, गरीब और गरीब हो रहा है तथा अमीर की अमीरी लगातार बढ़ रही है। देश का पूरा पैसा अडानी और अंबानी को मिल रहा है और यह दोनों उद्योगपति श्री मोदी की मार्केटिंग करते हैं। श्री मोदी और श्री केजरीवाल कभी अडानी की खिलाफ नहीं बोलते हैं लेकिन मैं साफ कहता हूं कि हमें अरबपतियों का देश नहीं चाहिए। हम सब कहते हैं कि देश में 50 प्रतिशत पिछड़े लोग हैं, 15 प्रतिशत दलित है, आठ प्रतिशतआदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। न्यायपालिका या किसी अन्य क्षेत्र में दलित, पिछड़ा या आदिवासी नहीं मिलेगा। देश को चलाने वाले जो 90 लोगों में इन वर्गों की हिसेस्सेदारी नहीं है। बजट की बात आती है तो जो पिछड़े वर्ग के अधिकारी सिर्फ पांच प्रतिशत बजट पर निर्णय लेते हैं। दलित और पिछड़ा वर्ग की आबादी 65 प्रतिशत है लेकिन उनकी भागीदारी है सिर्फ छह प्रतिशत है। श्री मोदी और श्री केजरीवाल जाति जनगणना नहीं चाहते हैं। वे नहीं चाहते हैं कि शासन में इन वर्गों की भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भागीदारी और समानता चाहती है इसलिए जिस दिन कांग्रेस की सरकार आएगी उस दिन आरक्षण 50 प्रतिशत से आगे होगा और जाति जनगणना कराई जाएगी। वह चाहते हैं कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, आदिवासियों को भागीदारी मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही इन वर्गों को भागीदारी दे सकती है और इसी का परिणाम है कि देश में लोगों को मनरेगा लागू हुआ, शिक्षा का अधिकार मिला, भोजन का अधिकार मिला। श्री गांधी ने कहा कि दिल्ली में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो जाति जनगणना कराई जाएगी। इससे पता चल जाएगा कि दिल्ली सरकार में दलित, पिछड़ों आदिवासियों की कितनी भागीदारी है। आज सच्चाई यह है कि किसी स्तर पर इन वर्गों की भागीदारी नहीं है लेकिन यदि जाति जनगणना होती है तो यह क्रांतिकारी कदम होगा और कमजोरों को उनका अधिकार मिलेगा। इससे पहले रैली को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 10 साल पहले केंद्र और दिल्ली की सत्ता में दो लोग आए थे, शुरु में दोनों ने सत्ता में आने के लिए बहुत से सपने दिखाए। एक ने कहा कि महंगाई कम होगी, लेकिन सिर्फ संविधान को कमजोर करने का काम किया। इसी तरह दिल्ली में भी एक सपनों का सौदागर आया। उसने कहा- भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा, लोकपाल बिल लेकर आऊंगा, हर घर में बिजली और पानी दूंगा। नए अस्पताल खोलूंगा, नए स्कूल खोलूंगा। लेकिन सबने देखा है, इनके 25 विधायक, मंत्री और खुद पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए। रैली में कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल, दिल्ली के प्रभारी काज़ी निजामुद्दीन, वरिष्ठ नेता राजेश तिलोटिया सहित कई प्रमुख लोग भी मौजूद थे।

## आतिशी ने नामांकन के बाद भाजपा और कांग्रेस पर बोला हमला, कहा- दोनों के बीच जुगलबंदी चल रही है

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपना नामांकन मंगलवार को दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि दोनों के बीच जमकर जुगलबंदी चल रही है। आतिशी ने नामांकन के बाद कहा कि सबसे पहले तो सभी देशवासियों को मकर संक्रांति की बहुत-बहुत बधाई और आज इस मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जो नए साल की शुरुआत होती है, मैंने कालकाजी विधानसभा से अपना नॉमिनेशन फॉर्म भर दिया है। कालकाजी के लोगों से, बुजुर्गों से, महिलाओं से, बच्चों से मुझे बहुत प्यार मिला है और उम्मीद है कि आने वाले पांच साल में भी मिलता रहेगा। उन्होंने प्रवेश वर्मा पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने देखा, सभी टीवी चैनल ने लाइव चलाया, महिलाओं ने टीवी पर आकर कहा कि हमें 1,100 रुपए दिए गए कि हम कमल का बटन दबाएं। उसके कुछ दिन बाद प्रवेश वर्मा जी फोटो पोस्ट करते हैं कि वह हेल्थ



कैंप चला रहे हैं और चश्मा बांट रहे हैं। उसके बाद किदवई नगर के इलाके में चादर और डबल बेड शीट्स बांट रहे हैं, वो भी अपने नाम के पोस्टर के साथ। उसमें इलेक्शन कमीशन को कोई भी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं दिखता। खुले आम पैसे बांट रहे हैं, चश्मा बांट रहे हैं, खुलेआम बेडशीट बांट रहे हैं। सवाल उठता है कि पुलिस किसके साथ है?आतिशी ने कहा कि सवाल तो उठता है कि क्या लोअर लेवल पर जो इलेक्शन ऑफिसर्स हैं, क्या उन पर दबाव है। हम बार-बार इलेक्शन कमीशन के पास गए हैं। इलेक्शन कमीशन ने एक फ्री एंड फेयर इलेक्शन का हमें कमिटमेंट दिया है और हम यह उम्मीद करते हैं कि जो कमिटमेंट इलेक्शन कमीशन ने दिया है, वह वास्तव में जमीनी तौर पर साकार होगा। उन्होंने आगे कहा कि वरना यह सवाल तो उठेगा कि प्रवेश वर्मा जी पर पैसे और चश्मा बांटने पर जांच चल रही है और मुझ पर बिना जांच के फिर भी एफआईआर हो गई है। उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहा कि किस प्रकार से कांग्रेस के कैंडिडेट्स संदीप दीक्षित जी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कंप्लेंट फाइल करने के लिए जाते हैं। एलजी से अपॉइंटमेंट लेने के लिए हमारे विधायकों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। अपॉइंटमेंट नहीं मिलती है। एलजी साहब दिल्ली के विधायकों को टाइम नहीं देते हैं। जबकि, संदीप दीक्षित की कंप्लेंट रिसीव होती है, कार्रवाई होती है, तो ये क्या हो रहा है। बिल्कुल साफ है कि कांग्रेस के कैंडिडेट्स और भारतीय जनता पार्टी के बीच जुगलबंदी चल रही है।

## कांग्रेस ने आरक्षण के मुद्दे को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा

नई दिल्ली । कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के एक पुराने बयान को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि अब समझ आ गया है कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा हटाने और जातिगत जनगणना पर क्यों चुप रहते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केजरीवाल का एक पुराना वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। इसमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री यह कहते सुने जा सकते हैं कि जिसे एक बार आरक्षण मिल गया, उसे फिर नहीं मिलना चाहिए तथा वंचित वर्गों के समृद्ध लोगों को भी आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। रमेश ने कहा, ''केजरीवाल जी को आरक्षण पर जरूर सुना जाए। अब समझ आया वह सरकारी रोजगार और सरकारी शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर 50 प्रतिशत सीमा हटाने और जातिगत जनगणना पर क्यों चुप रहते हैं।''

## संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुजनों का अभिनंदन - सीएम योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुंभ-2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु जनों का अभिनंदन! संगम नगरी प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व महाकुंभ का दिव्य भव्य शुभारंभ सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गया है। महाकुंभ के अमृत स्नान का सनातन आस्था में विशेष महत्व है। अनादि काल से साधु, संन्यासियों और श्रद्धालुओं की महाकुंभ के अमृत काल में संगम स्नान करने की परंपरा रही है। आदि शंकराचार्य की प्रेरणा से बने अखाड़े महाकुंभ में भव्य शोभा यात्रा के साथ अमृत स्नान करते हैं। महाकुंभ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम देखने को मिले। वहीं आला अधिकारी भी हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए ग्राउंड पर दिखाई दिए। पूरे मेला क्षेत्र में डेप्लॉय किए गए 50 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहे, तो वहीं एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण और एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली।

हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 को प्रयागराज में समाप्त होने वाला है। महाकुंभ मेला न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और श्रद्धा का भी प्रतीक है। इस बार महाकुंभ मेला 2025 में प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2013 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों के साधु-संत भी जुटते हैं। इस दौरान वह हवन, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। महाकुंभ में कुछ विशिष्ट दिनों को शाही स्नान के रूप में मनाया जाता है। इसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद में गुजरात की सबसे बड़ी पुलिस कॉलोनी की आधारशिला रखी

अहमदाबाद । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात की सबसे बड़ी पुलिस लाइन की आधारशिला रखी। सेवारत पुलिस कर्मियों के लिए बनने जा रहे इस आवासीय परिसर में 920 परिवार रहेंगे। मकर संक्रांति के अवसर पर शुरू की गई और गुजरात राज्य पुलिस आवास निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही इस परियोजना में 13 मंजिलों वाले 18 टावर हैं, जो घाटलोदिया क्षेत्र में 23,697 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले हुए हैं। इस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक फ्लैट 2 शयनकक्ष वाली सुसज्जित इकाई होगा जिसका कारपेट एरिया 55 वर्ग मीटर होगा। इसमें कहा गया है कि इस परिसर की एक अनूठी विशेषता यह है कि इसमें एक इमारत की दो मंजिलों पर घाटलोदिया पुलिस थाना भी होगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस लाइन में 930 कारों के लिए बेसमेंट पार्किंग, दो लिफ्ट, एक खुला उद्यान, एक जल संचयन प्रणाली, सौर छत और एक बिजली बैकअप प्रणाली होगी। परिसर में दुकानें भी होंगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 242 करोड़ रुपये है और इसके 27 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।

### रक्षा मंत्री ने जम्मू में 108 फुट ऊंचा तिरंगा फहराया

जम्मू । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू के अखनूर सीमावर्ती क्षेत्र में 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक ऐतिहासिक संग्रहालय का उद्घाटन किया। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के साथ यहां पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह का स्वागत उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सिंह ने टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में आयोजित नौवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। संग्रहालय में जम्मू कश्मीर में अनेक युद्धों में इस्तेमाल किए गए हथियारों और युद्ध के नायकों की मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि समारोह में जम्मू, अखनूर, पल्लनवाला, रखमुठी, नौशेरा और सुंदरबनी से आए 1,000 से अधिक पूर्व सैनिकों के भाग लेने की संभावना है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के मेमनगर इलाके में उड़ाई पतंग

अहमदाबाद । गुजरात समेत देश के कई राज्यों में उत्तरायण पर्व पर आज पतंगबाजी का विशेष महत्व है। अहमदाबाद के तीन दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आज मेमनगर इलाका स्थित शांति निकेतन अपार्टमेंट पहुंचे, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पतंग उड़ाई और उनकी धर्मपत्नी ने फिरकी पकड़ी। अमित शाह और मुख्यमंत्री ने अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शांति निकेतन अपार्टमेंट की छत से पतंग उड़ाकर उत्तरायण का जश्न मनाया। घाटलोडिया के बाद साबरमती विधानसभा में भी तीन स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ पतंग उड़ाने जाएंगे। इस कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर में वे राणीप के आर्यविला अपार्टमेंट के निवासियों के साथ पतंग महोत्सव में भाग लेंगे। वहां से वे साबरमती वार्ड स्थित अरहम फ्लैट्स के निवासियों के साथ पतंग महोत्सव में भाग लेंगे। राज्य की सबसे बड़ी पुलिस लाइन अहमदाबाद शहर में बनने जा रही है, जिसमें 920 घर होंगे, इन सभी में 13 मंजिला टावर और दो मंजिला पार्किंग बेसमेंट बनाया जाएगा। अहमदाबाद के घाटलोडिया क्षेत्र में बनने वाले इन मकानों में सभी पुलिस कर्मियों को फर्नीचर सहित मकान उपलब्ध कराए जाएंगे।

### किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान

महाकुंभनगर । महाकुंभ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाडो के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम पहुंचकर अमृत स्नान किया। महा संक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की। किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारम्परिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान आरंभ किया। किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है। किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया। जयघोष और हर हर महादेव के नारों के बीच पूरा माहौल उत्साह और आस्था से भर गया। किन्नर अखाड़े के इस आयोजन ने महाकुंभ 2025 में एक विशेष छवि प्रस्तुत की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मकर संक्रांति, माघ बिहू और उत्तरायण पर लोगों को दी बधाई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मकर संक्रांति, माघ बिहू, उत्तरायण पर आज लोगों को बधाई दी। उन्होंने एक्स हैंडल पर प्रेषित बधाई संदेशों में समस्त देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ सभी के जीवन में सुख और समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि देश में आज मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू और उत्तरायण का पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, %%सभी देशवासियों को मकर संक्रांति की अनेकानेक शुभकामनाएं। उत्तरायण सूर्य को समर्पित यह पावन उत्सव आप सबके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।%% मकर संक्रांति पर्व की विशेषता यह है कि देश के अलग-अलग राज्यों में इसे अलग नाम और स्थानीय परंपरा के अनुसार से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति, तमिलनाडु में पोंगल, असम में माघ बिहू और गुजरात में इसे उत्तरायण के नाम से जाना जाता है। लोक आस्था के इस पर्व का संबंध फसलों की कटाई से भी है।

### फार्म हाउस के बाहर से कार चोरी

मोदीनगर । दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक फार्म हाउस के बाहर से कार चोरी हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। जिला मेरठ के थाना जानी क्षेत्र निवासी नफीस एक शादी समारोह में शामिल होने मोदीनगर स्थित मैरिज होम में आए थे। कार गेट के निकट खड़ी करके वह अंदर चले गए। लौटकर आए तो देखा कि कार गायब है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि मैरिज होम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संपादकीय

# मनोभावों का दर्पण है हमारा चेहरा

किसी ने ठीक ही कहा है कि भ्रांतियां मनुष्य की स्वनिर्मित और स्वनिर्धारित हैं, जिनमें वह एक को भला और दूसरे को बुरा बताता है, अन्यथा सृष्टा की हर संरचना अपने में विशिष्टता धारण किए हुए है। मुनष्य ही है, जो जिसके साथ चाहता है, प्रभावित होकर अपनत्व बढ़ाता, घनिष्ठता जोड़ता और राग-द्वेष का आरोपण कर लेता है, घृणा या प्रेम करता है, जबकि वस्तुतः ऐसा है नहीं। सभी प्राणी एवं वस्तुएं नियति नटी के किसी महान उद्देश्य की पूर्ति के लिए रची गई हैं। उनकी अपनी-अपनी विशिष्टता एवं महत्ता है। यही तथ्य मनुष्य पर भी लागू होता है। दृष्टिकोण का परिवर्तन मन:स्थिति को भी बदलकर रख देता है। मान्यताओं के बदलते ही घृणा के स्थान पर प्रेम की रसानुभूति होते देर नहीं लगती। सर्वत्र दृष्टिगोचर होने वाली व्यथाओं का कारण मनुष्य की अपनी स्वनिर्मित मान्यताएं ही हैं। किन वस्तुओं या व्यक्तियों के प्रति, किसी का राग-द्वेष, कितनी प्रगाढ़ता लिए हुए है, उसके चेहरे पर या आंखों में झांकने पर इसकी स्पष्ट झांकी हो सकती है। कारण मन की प्रसन्नता-अप्रसन्नता, प्रियता-अप्रियता व्यक्त करने के यही दोनों दर्पण की भूमिका निभाते हैं। यह अपने हाव-भाव के पीछे गूढ़ रहस्य जो छिपाए बैठे होते हैं। मनोविज्ञानी इस तथ्य को भलीभांति जानते हैं और कहते हैं कि मन और शरीर सहजीवी की तरह हैं। एक का दूसरे के साथ बड़ा ही घनिष्ठ संबंध है और दोनों मिलकर चेहरे पर प्रसन्नता या दु:ख की झलकियां प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि मनोचिकित्सक चेहरा देखते ही भांप जाते हैं कि व्यक्ति किस व्यथा से पीड़ित है। विकृत दृष्टिकोण धीरे-धीरे मन को अपनी गिरफ्त में पूरी तरह जकड़ लेता है और उसे तनावग्रस्त बना देता है। इसका प्रभाव सौंदर्य पर भी पड़ता है और स्थूल रूप से स्वस्थ दिखते हुए भी व्यक्ति कुरूप लगने लगता है। विषाक्त प्रवृत्ति को ढंकने का प्रयत्न करती है, फलस्वरूप व्यक्ति बाह्य जगत में कृत्रिम चेहरा बनाने का प्रयत्न करता है, कि तनावयुक्त मांसपेशियां विशेष प्रकार की स्थिति से ग्रस्त होकर कठोर बन गई हैं। ओंठ एवं तनी भौंहें अंततः यही सिध्द करती हैं कि व्यक्ति किन्हीं विशेष मन:स्थितियों में उलझा है। ईर्ष्या, द्वेष एवं घृणा की स्थिति में मन के धरातल में कंपन शीघ्र होने से नए-नए कुविचार शीघ्रता से उठते हैं, जबकि शांत एवं स्थिर मन तटस्थ चिंतन करता है। ऐसी स्थिति में भावनाएं, विचारणाएं सात्विक ढंग से निस्सृत होती हैं और उनका आरोपण जिस किसी पर भी होगा, उसी में अपनत्व भरी तरंगों का प्रवाह प्रस्फुटित होने लगेगा। ऐसी दशा में स्वयं को प्रसन्नता होती है, स्नायुमंडल को विश्राम मिलता है और विरोधी आकांक्षाएं-भावनाएं मिटती हैं। मन एवं उसकी शक्तियों का बिखराव भी रुकता है। यही शक्तियां मूलस्रोत पर पहुंचकर घनीभूत होती और तन-मन को स्वस्थ बनाती हैं। चिंता एवं घृणा से मुक्त मन घनीभूत शक्तियों सहित अनंत चेतनसत्ता से, विराट ब्रह्म से जुड़कर व्यापक प्रेम की अनुभूति कराने में सक्षम हो जाता है। इससे मनोभावनाएं शुध्द-पवित्र तो बनती ही हैं, समूचा व्यक्तित्व भी प्रभावित-परिवर्तित हुए बिना नहीं रहता।

यही क्रिया अंतराल को देवत्व स्तर का बना देती है। वस्तुतः इस संसार में कोई भी वस्तु या व्यक्ति असुंदर नहीं। सृष्टा की इस धरती पर कुछ भी कुरूप नहीं है।

हम जिससे घृणा करने लगते हैं, वही हमारे लिए असुंदर बन जाता है। यदि अपना दृष्टिकोण बदलकर आत्मीयता-अपनत्व का प्रकाश डालें और सृष्टि के सौंदर्य को सराहें, उसकी उपयोगिता पर ध्यान दें, तो ऐसा मानसिक कायाकल्प हो सकता है, जिसके कारण विश्व में कहीं भी कुरूपता दृष्टगोचर न हो।

# सम्मान होना चाहिए - कविता

लोकतंत्र में वंश-तंत्र बड़े काम आता है
राजनीति के अखाड़े में
दादा के रिटायर होने पर
बेटा स्वत: गद्दी पर बैठ जाता है
और बेटा जब दादा बन जाता है
तो उसका बेटा काम आता है
ऐसा ही सिलसिला चलता जाता है
और तीनों पीढ़ियों का अनुभव बेबस देश पाता है
इन्हीं की बदौलत लोकतंत्र लहलहाता है!
ऐसे में लोकतंत्र में वंश-वाद चलाने वालों का
सम्मान होना चाहिए
उनकी की गई भूल-चूकों को गले लगाना चाहिए
अत: आप उनका मान और सम्मान बढ़ाइए
एक दिन तय करके
वंश-तंत्र बढ़ाने वालों की
वर्ष-गांठ भी मनाइए!

# 15 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.58 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 07.28 सायंकाल
चंद्र अस्त- 08.58 प्रात-
चंद्रमा- कर्क राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-16 पूर्णिमांत महीना माघ-02, पक्ष- कृष्ण 02, तिथि- द्वितीया प्रात- 03.23 तक बाद में तृतीया,
योग-प्रीति रात्रि- 01.47 तक बाद में आयुष्मान, करण-तैतिल दोपहर- 03.17 तक बाद में ग़र प्रात- 02.23 तक बाद में वणिज, राहु काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.14 से 12.57 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.25 तक।

# आज 15 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- जीवन में बड़े फैसले लेने की हिम्मत आयेगी, गुरु के पास जाएंगे, डिजिटल मार्केटिंग माध्यम से धन मिलेगा, परीक्षा के नोट्स तैयार करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

वृषभ- याद करते समय ध्यान भटकेगा, पेट्रोलियम,पेय पदार्थ व्यवसाय चलेगा, हिसाब-किताब अच्छे से मेनेज करेंगे, ससुराल के रीति-रिवाज अच्छे से मानेंगे।
भाग्य प्रतिशत-67

मिथुन- चतुराई बढ़ेगी, मार्केट की नवज के हिसाब से व्यवसाय करने पर लाभ होगा, धार्मिक यात्रा सुखद रहेगी, किसी से व्यर्थ नोकझोंक सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-79

कर्क- मेहनत का उत्तम परीणाम मिलेगा, नौकरी की अपेक्षा स्वयं का व्यवसाय चुन सकते है, किसी को घमंड में कटु वचन बोलने से बचना होगा।
भाग्य प्रतिशत-56

सिंह-वाहन से चोट सम्भव है हाईवे पर ज्यादा सम्भल कर रहे, तनाव देने वालो के सामने चुप नहीं रहेंगे अच्छा ज़वाब देंगे, मेडिकल सर्जिकल व्यवसाय से उत्तम चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या- नई ज्वाइनिंग मिली है तो मन लगेगा अच्छे अनुभव मिलेंगे, मित्रो का सर्कल बढ़ेगा, शराब-मांसाहार के सेवन से बचे, पूर्वजो का आशीर्वाद साथ रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-72

तुला- विवाह के लिए मिले प्रस्ताव को ना में बदल सकते है, दान पुण्य भी करेंगे, व्यवसायिक डील से फ़ायदा होगा, किसी से फिर से बातचीत शुरू होगी।
भाग्य प्रतिशत-76

वृश्चिक-ठंड के रोग परेशान कर सकते है, मन किसी बात से आशंकित रहेगा, लीगल केस से राहत के आसार बनेंगे, सभा में बोलने का अवसर मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-62

धनु- लेखन,पत्रकारिता,अकाउंट, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग जैसे क्षेत्र से जुड़े है तो प्रगति करेंगे, जनसम्पर्क कम्पनी से जुड़ना सम्भव है, गलत पदार्थों का सेवन ना करें।
भाग्य प्रतिशत-72

मकर- उत्साहित रहेंगे, सम्मान बढ़ेगा, आय करने में हालांकि दिक्कतें आयेगी, विवाह में आसानी से समझौता नहीं कर पाएंगे, हार्मोन असंतुलन ना हो ध्यान रखे।
भाग्य प्रतिशत-60

कुम्भ- रिश्तेदार फिर से जुड़ सकते है, कार्यक्षेत्र की टेंशन कम होगी, विदेश में बसने का योग भी बनेगा, पति को शारीरिक समस्या सम्भव है ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-74

मीन- पढ़ाई पर फोकस करें, प्रेम प्रसंग से दूर रहे, ठंड में बीपी का ध्यान रखें, अमीर लोगों से काम निकालने के लिए खर्चा होगा।
भाग्य प्रतिशत-54

# अनुपम खेर ने की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात, जताया आभार



मुंबई । दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अभिनेता ने रेल मंत्री का आभार भी जताया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता कभी राजनीतिक तो कभी फिल्मी हस्तियों के साथ मुलाकात की झलक अक्सर साझा करते रहते हैं। रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के साथ मुलाकात की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव जी, आपकी गर्मजोशी और सराहना के लिए धन्यवाद। आज आपके कार्यालय में आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। आपका काम करने का उत्साह और ईमानदारी शानदार और आगे बढ़ाने वाला है! आप आगे भी बेहतर प्रदर्शन करते रहें! जय हो! अनुपम खेर की सोशल मीडिया पर खासा उपस्थिति रहती है। दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने की झलक हो या फिर फिल्म का प्रमोशन या मजाकिया पोस्ट किसी भी मामले में वह पीछे नहीं रहते और प्रशंसकों को लेटेस्ट पोस्ट के साथ रूबरू कराते रहते हैं। हाल ही में कई तरह की मिठाइयों से सजे एक वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने प्रशंसकों से पूछा था कि आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है? इसके साथ ही उन्होंने खुद के मिठाई न खा पाने पर मलाल भी किया। इंस्टाग्राम पर वीडियो को साझा करते हुए खेर ने कैप्शन में लिखा था, चलिए! बताइये! इस वीडियो में कितनी प्रकार की मिठाइयां हैं और इनमें से आपकी पसंदीदा कौन सी है? वीडियो में पारंपरिक मिठाइयों के साथ ही पेस्ट्री भी है। खेर ने अफसोस जताया और लिखा, मैं यह सब नहीं खा रहा। अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता ने हाल ही में निर्देशक विक्रम भट्ट की आगामी %तुमको मेरी कसम' की शूटिंग पूरी की है। फिल्म में खेर के साथ अभिनेत्री ईशा देओल हैं, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म में अनुपम, ईशा के साथ अदा शर्मा और ईशाक सिंह मुख्य भूमिका में हैं। अनुपम खेर, विवेक अग्निहोत्री की 'द दिल्ली फाइल-बंगाल चैप्टर' में भी नजर आएंगे। फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी। इसके साथ ही उनके पास 'इमरजेंसी' भी है, जो 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

# ऋतिक ने दिखाया कहो ना प्यार है का 25 साल पुराना नोट, बताया, तब से अब तक, क्या बदला



मुंबई । अभिनेता ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर 25 साल पुराने नोट्स को साझा किया, जो कहो ना प्यार है का है। नोट्स के साथ अभिनेता ने यह भी बताया कि तब से अब तक क्या बदला है। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेता ने अपनी पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इंस्टाग्राम पर नोट्स को साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 27 साल पहले के मेरे नोट्स। मेरी पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' के लिए बतौर एक्टर तैयारी करते समय मुझे याद है कि मैं कितना नर्वस था। अभी भी फिल्म शुरू करते समय नर्वस होता हूं। अभिनेता ने आगे लिखा, मुझे ये सब साझा करने में संकोच हो रहा है, लेकिन इंडस्ट्री में 25 साल रहने के बाद मुझे लगता है कि मैं इसे अब बेहतर तरीके से कर सकता हूं। अभिनेता ने अपने पोस्ट में यह भी बताया कि तब से अब तक, क्या बदला है? उन्होंने लिखा, मैं इन पन्नों को देखता हूं और सोचता हूं कि तब से अब तक क्या बदला तो मुझे लगता है कि कुछ भी नहीं बदला है। अच्छी बात? बुरी बात? यह बस ऐसा ही है। बस प्रक्रिया बची है। बहुत कुछ है जिसके लिए आभारी होना चाहिए और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। ऋतिक ने कहा, 'कहो ना प्यार है' की 25वीं एनिवर्सरी है और मैं सिर्फ यही सोचता हूं कि मेरी रफ कॉपी में ये लिखा हुआ है। इनमें सिर्फ एक चीज जिससे मुझे राहत मिली, वह है लचीलापन। पहले पन्ने पर नीचे एक दिन लिखा है। ऐसा कोई दिन नहीं हुआ, यह कभी नहीं आया या शायद यह आया था लेकिन मैं इसे मिस कर गया क्योंकि मैं तैयारी में था। इससे पहले ऋतिक रोशन ने अपनी अपकमिंग डॉक्यूमेंट्री के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि उन्हें यह पसंद नहीं कि कोई उन्हें ज्यादा तवज्जो दे। 'ग्रीक गॉड' के नाम से मशहूर अभिनेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीवन से जुड़े कुछ अटपटे किस्सों का भी जिक्र किया था।

# धूम-3 में हुई रणबीर कपूर की एंट्री



मुंबई । धूम सीरीज बॉलीवुड में सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी है। अब तक फिल्म के तीन भाग आ चुके हैं। अब सभी को फिल्म के चौथे पार्ट का इंतजार है। धूम में जॉन अब्राहम, रितिक रोशन और आमिर खान ने काम किया है। अब धूम 4 में रणबीर कपूर सामने आ गए हैं। धूम के हर पार्ट में विलेन का किरदार अलग-अलग एक्टर ने निभाया है तो अब धूम 4 में भी एक अलग एक्टर नजर आएगा। पहले शाहरुख खान के नाम की चर्चा थी। अब अभिनेता रणबीर कपूर की चर्चा है कि धूम 4 में एक दमदार एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर कुछ अपडेट भी सामने आए हैं। धूम 4 की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होगी। फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो चुका है साथ ही रणबीर के साथ 2 एक्ट्रेस भी नजर आ सकती हैं जो लीड रोल में होंगी। आदित्य चोपड़ा की धूम का चौथा भाग बेहद खास होने वाला है। फिल्म की समग्र कास्टिंग जल्द ही शुरू हो रही है। एनिमल के बाद रणबीर की किस्मत बदल गई है। उनके पास एनिमल, लव एंड वॉरऔर रामायण के दो और सीक्वल प्रमुख परियोजनाओं के लिए कतार में हैं। इसके अलावा, अब जब वह धूम फ्रेंचाइजी में एंट्री कर रहे हैं, तो प्रशंसक बेहद उत्सुक हैं।

# सर्राफा बाजार में तेजी, सोना 80 हजार पार



## चांदी के भाव में भी 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी

नई दिल्ली । मकर संक्रांति के दिन घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज सोना 80 हजार के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। सोने आज 410 से 430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये से लेकर 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये से लेकर 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में उछाल आया है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत

## सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़ा; निफ्टी 23,200 के पार




नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई । हालांकि बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती कारोबार में आईटी सेक्टर में बिकवाली का जबरदस्त दबाव बना हुआ है। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.93 प्रतिशत से लेकर 2.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक्नोलॉजी, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टीसीएस के शेयर 9.20 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,316 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,559 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 757 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 5.74 अंक की मामूली बढ़त के साथ 76,335.75 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये सूचकांक उछाल कर 76,779.49 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक के चाल में गिरावट आने लगी। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे सेंसेक्स 265.37 अंक की बढ़त के साथ 76,595.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 79.95 अंक उछल कर 23-,165.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये सूचकांक उछल कर 23,227.20 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक गिर कर 23,150.05 अंक तक आ गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे निफ्टी 80.75 अंक की मजबूती के साथ 23,166.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,330.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,085.95 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को 21 रनों से हराया



मेलबर्न । एलिस पेरी (60) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अलाना किंग (चार विकेट) और किंग गार्थ (तीन विकेट) बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे एकदिसवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 21 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के 180 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और उसने पहला विकेट आठ रन के स्कोर पर टैमी बोमॉन्ट (तीन) का विकेट गवां दिया।बोमॉन्ट को कि गार्थ ने पगबाधा आउट किया। इसके मैया बाउचियर (17) को भी किम गार्थ ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान हीथर नाइट और नेट सायबर ब्रंट ने पारी को संलाने का प्रयास किया। 16वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हीथर नाइट (18) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में अलाना किंग ने डेनियल वॉयट (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को चौथी सफलता दिलाई। 23वें ओवर में 84 के स्कोर पर किंग ने नैट सायबर ब्रंट (35) को भी अपना शिकार बना लिया। 36वें ओवर में गार्थ ने एलिस कैप्सी को पगबाधा आउट कर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर दी। ऐमी जोंस ने इंग्लैंड के लिए (नाबाद 47) रनों की पारी खेली। मेगन शूट ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर लॉरेन बेल (एक) को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी का 159 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर किम गार्थ ने तीन विकेट लिये। अलाना किंग को चार विकेट मिले। एश्ली गार्डनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 43 के स्कोर परअपने दो विकेट गवां दिये। अलिसा हीली (29) और फीबी लिचफिल्ड (29) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नियमित अंतराल पर ऑस्ट्रेलिया के विकेट गिरते रहे। हालांकि इस दौरान ऐलिस पेरी ने एक छोर थामे खड़ी रही। बेथ मूनी (12), ऐनाबेल सदरलैंड (11) और अलाना किंग (13) रन बनाकर आउट हुई। ऐलिस पेरी ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक (60) रनों की पारी खेली। 29वें ओवर में उन्हें कैप्सी ने पगबाधा आउट किया। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी सात विकेट 34 रन जोड़ कर गवां दिये। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 44.3 ओवर में 180 के स्कोर पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए सोफी एकल्सटन ने चार विकेट लिये। ऐलिस कैप्सी को तीन विकेट मिले। लॉरा बेल ने दो और लॉरेन फाइनलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# चौकीदार की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर । गुलावठी खुशहालपुर गांव में शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में चौकीदार दिलावर सिंह की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का पर्दाफाश किया ! आरोपियों से लूटी हुई 2100 की रकम, हत्या में इस्तेमाल ईट नशीले पदार्थ गोलियां मोबाइल भी बरामद किए गए हैं । कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने बताया कि गांव खुशहाल पुर निवासी दिलावर की उसके रिश्तेदार द्वारा हत्या कर दी थी दिलावर सिंह गांव में ही स्थित शुगर मिल पर चौकीदारी का काम करते थे शराब पार्टी के दौरान विवाद होने पर दिलावर सिंह से लूट का विरोध करने पर आरोपियों ने ईट से पीट-पीट कर दिलावर सिंह की हत्या कर दी । इस हत्याकांड में उधम सिंह पुत्र सुखपाल निवासी गांव जट्टापुर कोतवाली देहात बुलंदशहर राहुल उर्फ कलवा पुत्र जगबीर सिंह निवासी खुशहालपुर को गिरफ्तार किया गया है ! उधम सिंह से 260 प्रतिबंध गली एक मोबाइल फोन हत्या में इस्तेमाल की गई हिट ₹1000 नगद बरामद किए हैं जबकि राहुल के पास से₹1000 नगद बरामद किए हैं आरोपित उधम सिंह पर बुलंदशहर कोतवाली और गौतम बुद्ध नगर में कई मुकदमे दर्ज हैं इस गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया गया है।

# पिस्टल निकालकर दी ग्रामीण को जान से मारने की धमकी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलन्दशहर। गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव मिट्टेपुर में एक अपराधी ने ग्रामीण हनीफ ने घर में घुसकर उस पर अवैध पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी। हनीफ ने थाने में घटना की तहरीर दी है तथा आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। हनीफ ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि वह घर के आंगन में बैठा हुआ था, तभी आरोपी उसके घर में घुस आया। आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अवैध पिस्टल निकालकर जान से मारने की नीयत से उस पर तान दी। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। हनीफ ने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है तथा कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

## निर्धन गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म इस सेवा में मिलता है एक विशेष आनंद- शोएब मेवाती



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। गुलावठी चुनाव नजदीक आते ही समाजसेवियों की बाढ़ नगर में आ जाती है प्रत्येक समाजसेवी अपने आप को बड़ा साबित करने की कोशिश में लगा रहता है इसके अंतर्गत वह निर्धन गरीबों को बहुत कुछ बांटता भी है और बहुत कुछ वादे भी करता है लेकिन चुनाव खत्म होने के उपरांत कहीं कोई समाजसेवी कोई प्रत्याशी नजर नहीं आता ! लेकिन हमारे नगर में एक प्रत्याशी समाज सेवी ऐसे भी हैं जो निरंतर निर्धन गरीबों की सेवा में लगे रहते हैं यह है नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रत्याशी शोएब मेवाती ! ये हमेशा नगर वासियों की सेवा में लगे रहते हैं ! किसी के गम हो या खुशी ये बराबर शरीक होते हैं ! इसी के साथ-साथ हर मौके हर निर्धन गरीब की बराबर मदद करते हैं ! इस सर्दी में भी उनके द्वारा गरीब बस्तियों और मुख्य बाजारों बिजली घर बाजार शहीद स्मारक सराफा बाजार मोहल्ला लाल डिग्री मोहल्ला मेहरबानपुरा मोहल्ला ईदगाह मोहल्ला बुद्ध खा मोहल्ला पलवलिया मोहल्ला भीम नगर में उनके द्वारा अलाव जलाने के लिए लकड़ियां डाली जा रही हैं जिससे गरीब लोग हाथ ताप कर इस शीत लहर के प्रकोप से बच सके उनके इस कार्य की सराहना नगर वासी अक्सर करते रहते हैं।

## विधायक लक्ष्मीराज सिंह द्वारा ग्राम बैलाना में पुस्तकालय के निर्माण का उद्घाटन किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। सिकन्द्राबाद विधानसभा के ग्राम बैलाना में पुस्तकालय के निर्माण का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने किया और बताया कि पुस्तकालय की स्थापना गांव के युवाओं के लिए की गई है। जोकि एक अच्छे और बौद्धिक समाज की पहचान है। शिक्षा के अभाव में सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। पुस्तकालय में अच्छे समाज के निर्माण की नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी विषयों व पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आधुनिक निशुल्क पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष भाटी मंडल अध्यक्ष काकोड ललित भाटी विकास धनौरा अमित प्रधान रविंद्र ठेकेदार सोनु शर्मा अरुण प्रजापति गौरव भाटिया अभिषेक सम्राट आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान की राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया सम्मान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहर सिंह जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद राहुल कुमार राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय बुलंदशहर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह का सम्मान किया साथ ही संगठन के विस्तार एवं किसानों की



समस्या के बारे मे अवगत कराया

# हिन्दी सहित्य परिषद् भवन बुलंदशहर में भव्य कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के तत्वावधान में समिति के मुख्य आयोजक श्री अरविन्द भाटी जी द्वारा ,विश्व हिन्दी दिवस एवं महाकवि देवेन्द्र देव मिर्जापुरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी सहित्य परिषद् भवन बुलंदशहर में भव्य कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान का आयोजन किया गया। सिडनी ऑस्ट्रेलिया से पधारे सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री विजय कुमार सिंह द्वारा अध्यक्षता की गयी। महकवयित्री श्रीमती मधु चतुर्वेदी तथा डॉ. दिनेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे तथा डॉ. यतेंद्र कटारिया, डॉ. चेतन आनंद व डॉ. ललित कुमार सिंह व डॉ. कमलेश संजीदा जी व श्री रामनपाल



सिंह श्री अरविन्द संवेदित की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम का सुसंचालन डॉ. अलोक बेजान व श्रीमती संगीता अहलावत ने सफलता पूर्वक किया। उन्होंने कहा कि - समय जो भी गुजर जाए,नहीं वह लौट कर आए विख्यात कभी श्री रमेश प्रसून ने कहा कि राष्ट्र का उत्थान हिन्दी से, राष्ट्र का सम्मान हिन्दी से हो रही है है विश्वभर में अब, राष्ट्र की पहचान हिन्दी से। देवेन्द्र देव मिर्जापुरी ने कहा कि हिन्द को जयहिंद कहें भाषा का करें सम्मान, भारती का भाल हिन्दी भाषा से सजाइये। अलीगढ़ से आये मशहूर व्यंगकार कवि अरविन्द संवेदित ने व्यंग रचना पढ़ी। दिल्ली से आये शायर एवं कवि अली अब्बास नौगांवी व श्री संजीव नादान एवं सुकवयित्री शुभ्रा पालीवाल ने श्री राम पर भावपूर्ण रचना पढ़ी। कवि अरविन्द संवेदित ने व्यंग रचना पढ़ी।दादरी से आयी इशिका ईशु ने हिन्दी पर रचना पढ़ी।गाज़ियाबाद से श्री अनिमेष शर्मा व खुर्जा से आये श्री प्रेम कुमार शर्मा प्रेम व सिकंन्द्राबाद से आये दिव्यहंस दीपक व शायर मौ0 जालिब तथा हिन्दी के विद्वान् डॉ. भास्करन यादव व जनपद के साहित्यकार एवं कवि डॉ. महेन्द्रसिंह लिखन्तु कौसर भारती, डॉ. कमल किशोर भारद्वाज व श्री किशोर अग्रवाल व बाबा बुलंदशहरी तथा डॉ. मधु मिश्रा एवं अन्य उपस्थित रहे श्री रमेश प्रसून वरिष्ठ साहित्यकार द्वारा विख्यात कवि श्री रामपाल शर्मा विश्वास जी पर प्रकाशित विशेषांक पत्रिका बुलंदप्रभा का एवं महाकवि देवेन्द्र देव मिर्जापुरी द्वारा रचित पौराणिक महाकाव्य महातापसी अहिल्या व डेजी रानी मिश्रा द्वारा रचित गीत संग्रह का विमोचन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी सहित्य परिषद् के पदाधिकारियों की भी गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम संयोजका कवयित्री संगीता अहलावत द्वारा सूचना दी गयी

# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने गंगा स्नान कर आश्रमों में लिया संतों का आशीर्वाद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने नेताओं व अधिवक्ताओं अधिकारियों के साथ आश्रमों में संतो के दर्शन से पूर्व गंगा स्नान कर बालाजी मंदिर मस्तराम बाबा की समाधि के दर्शन व महंत जी से आशीर्वाद के साथ-साथ माता पुष्मांडा आश्रम में आश्रम व संतो के दर्शन कर मोनी बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया



आश्रमों में दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में संरक्षक क्षत्रिय महासभा के मदनपाल सिंह, सपा नेता शेख रईस,एसोसिएशन के सचिव अनूपशहर दीपक राघव, पूर्व सचिव बलजीत सिसोदिया ,पूर्व ब्लाक प्रमुख शहर के भाई बृजेश राघव ,सुभाष पुंडीर,रालोद नेता इकबाल पठान, एडवोकेट अवधेश शर्मा, ठाकुर मोहर सिंह भूरा नंबरदार ,प्रभारी निरीक्षक डिबाई धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ,डॉक्टर कुलदीप सिरोही, सहित ईस्ट मित्र सम्मिलित रहे

## गत वर्ष की भांति सेवा भारती बुलंदशहर ने सम्मान समारोह एवं खिचड़ी सहभोज कर मनाया मकर संक्रांति पर्व





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्थान सरस्वती शिशु मंदिर शिवपुरी राजेबाबू रोड पर कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम का संचालन अक्षय प्रताप सिंह व उमेश चतुर्वेदी ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजीव अग्रवाल व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा बहन व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गंगा राम रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर के हुआ। मुख्य वक्ता गंगाराम ने कहा देश हमें देता है सब कुछ हमें भी तो देश के लिए कुछ काम करना चाहेंगे जिससे हमारा योगदान देश को मिले और देश आगे बढ़े और भी वक्तों ने अपने विचार रखें व कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता, तथा संस्कृति नृत्य प्रस्तुत किया इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, संजय गर्ग ,कृष्ण गोपाल, अशोक शर्मा, नेम कुमार ,जयपाल सोलंकी, सचिन गर्ग, कमल किशोर, विकास चौहान, विवेक उपाध्याय, संजय महेश्वरी, राम अवतार प्रजापति, इंद्र मोहन लोधी, अजय उपाध्याय, अजीत सक्सेना, लक्ष्मीराज विधायक, पवन कुमार ,व मातृशक्ति में लक्ष्मी, कमलेश, सोनिया ,डॉक्टर ममता यादव, गीता बंसल, दीपमाला, मनीषा, रमा अग्रवाल, वे व्यापारीगण, अधिवक्ता गण नेतागण, डॉक्टर ,महिलाऐ व बच्चे एव सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे

## मकर संक्रांति का पर्व खिचड़ी के सामूहिक वितरण के साथ मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में हजरतपुर स्थित, छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवाजी नगर बुलंदशहर में आज मकर संक्रांति का पर्व खिचड़ी के सामूहिक वितरण के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह एवं मुख्य वक्ता पवन कुमार राणा रहे। कार्यक्रम में पवन राणा ने बताया कि मकर संक्रांति केवल हिंदुओं का पर्व नहीं है यह सभी धर्म में विभिन्न नाम से मनाया जाता है आज के दिन सूर्य मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर प्रवेश करता है। धार्मिक तथा भौगोलिक दोनों ही रूप से मकर संक्रांति का बहुत महत्व है, कुंभ के मेले का आयोजन भी मकर संक्रांति से ही प्रारंभ होता है। प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने भैया बहनों को बताया कि मकर संक्रांति की खिचड़ी हम सभी में अनेकता में एकता व धर्म, जाति, पंथ से ऊपर उठकर भारतीयता की ओर ले जाने का कार्य करती है यह जो खिचड़ी हम सभी मिलकर साथ में खा रहे हैं यह सामाजिक कुरीतियों को भी नष्ट कर देगी तथा हमें एक सच्चा नागरिक बनने की ओर प्रेरित करेगी। विद्यालय में उपस्थित सभी भैया बहनों को यह खिचड़ी प्रेम पूर्वक आचार्यों के साथ मिलकर खाई इसमें सुबीन गुप्ता तथा ललित को शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## संभल के कार्तिकेय महादेव मंदिर में 46 साल बाद मना मकर संक्रांति का पर्व

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन करीब 46 वर्ष बाद किया जा रहा है। इस अवसर पर आसपास के लोग काफी प्रसन्न दिखे। श्रद्धालु संजय पोली ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी का वितरण और भोजन हमारे यहां पवित्र बताया गया है। हम लोग इस अवसर पर पुराने मंदिर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण कर रहे हैं। सब धर्म प्रेमी जनता यहां प्रसाद का भोग कर रही है। यह बहुत ही सुखद और हर्ष का विषय है। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्य 46 वर्षों के बाद हो रहा है। यहां से हिंदू पलायन कर गए थे। लेकिन, शासन और सरकार की मदद से यह पावन कार्य हो पा रहा है। ऐसा पुनीत अवसर भगवान ने हमें दिया है और इसका बहुत सुखद अहसास है। कार्यक्रम में मौजूद एक अन्य भक्त ने कहा कि इस दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं और इसी कारण मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। लोग इस दिन दान करके पुण्य कमाते हैं। बता दें कि पिछले साल 14 दिसंबर को करीब 46 साल बाद संभल के नखासा थाना क्षेत्र के खग्गू सराय इलाके में मुस्लिम आबादी वाले कार्तिकेय महादेव मंदिर के कपाट खुलने के बाद श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। जहां मंदिर में श्रद्धालु कभी भजन-कीर्तन करते हुए नजर आते हैं तो कभी महिलाएं भजनों पर झूमती नजर आती हैं। कार्तिकेय महादेव मंदिर का कपाट 46 साल के बाद खुलते ही हर तरफ चर्चा का केंद्र बना हुआ है। हाल ही में मंदिर का सौंदर्यीकरण करने के इरादे से श्रद्धालुओं ने इसे भगवा रंग से रंग डाला। पूरे मंदिर को भगवा मय कर दिया गया। हालांकि, एसडीएम वंदना मिश्रा मौके पर पहुंची और उन्होंने मंदिर पर रंगाई-पुताई को हटाने के आदेश दिए। एसडीएम ने था कहा कि मंदिर पर रंगाई-पुताई से इसकी प्राचीन और पौराणिक पहचान खत्म हो रही थी। उन्होंने मंदिर की पौराणिकता को कायम रखने के लिए भगवा रंग हटाने के निर्देश दिए थे।

## भाजपा ने मिल्कीपुर विस सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को उम्मीदवार बनाया

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना प्रत्याशी घोषित किया। इससे पहले समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस सीट से फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना टिकट देने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार न उतारकर गठबंधन के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को समर्थन देने का ऐलान किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, उपचुनाव पांच फरवरी को होना है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने पासवान को सीट से उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहा उपचुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने 2022 में इस सीट से विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन पिछले साल लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दे दिया था।

# मकर संक्रांति के पर्व पर किया गया खिचड़ी के प्रसाद का वितरण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। गुलावठी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सेवा भारती के द्वारा धौलाना बस स्टैण्ड के निकट भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी के आवास पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। स्थानीय लोगो एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सेवा भारती के अध्यक्ष अरविन्द भारद्वाज, उपाध्यक्ष संजय बिलाल, सचिव राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रजनीश सैनी, परमानंद सैनी, इंजीनियर सुभाष बंसल, दीपक कंसल, राजू शर्मा, राहुल शास्त्री, कुलदीप शर्मा पत्रकार, कुलदीप सिंहल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजेश अग्रवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रामजीलाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी, निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र तेवतिया, डॉ संचय अग्रवाल, सभासद गगन प्रजापति, महेश वर्मा, अनुराग तोमर, तरुण शर्मा, संस्कार सैनी, रामकिशन अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, निखिल निक्कू प्रधान,



संजय बी लाल, राजकुमार सैनी, राजा दयाल, नानक सैनी, खेमचंद सैनी, रोहित सैनी, दिवाकर सैनी आदि मौजूद रहे। वहीं, मकर संक्रांति के पर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेश तेवतिया के आवास पर भी खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। होली पार्क, धौलाना बस स्टैण्ड, अहेरियों वाले मन्दिर, गोपाल पेट्रोल पंप, शहीद स्मारक, सैदपुर रोड, अग्रसेन भवन आदि स्थानों पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया।

## मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी वितरण का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । मकर संक्रांति पर्व पर देवीपुरा स्थित गुप्ता बेकरी पर खिचड़ी वितरण कर मनाया गया भाजपा नगर मंत्री लव गुप्ता ने बताया कि मकर संक्रांति केवल हिंदुओं का पर्व नहीं है यह सभी धर्म में विभिन्न नाम से मनाया जाता है आज के दिन सूर्य मकर रेखा से कक रेखा की ओर प्रवेश करता है धार्मिक कथा भौगोलिक दोनों ही रूप में मकर संक्रांति का बहुत महत्व है कुंभ के मेले का आयोजन भी मकर संक्रांति से प्रारंभ होता है वही उन्होंने सभी लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी इस मौके पर कविंद्र उपाध्याय मोनू नवीन राहुल आदि

## मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी वितरण का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन अनूपशहर इकाई और व्यापारी सुरक्षा फोरम अनूपशहर इकाई ने संयुक्त रूप से खिचड़ी महाभोज कार्यक्रम का आयोजन बाल निकेतन मांटेसरी स्कूल पर किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन अनूपशहर इकाई के नगर अध्यक्ष विनीत बंसल, व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष हर्षित गर्ग, पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र बुलंदशहर मनोज कुमार



गोल्डी , पुनीत गर्ग, ऋषभ चौधरी, रॉबिन भारद्वाज, अभिषेक गर्ग, मोंटी गर्ग, मुकेश कुमार, देव रस्तोगी, जतिन सूर्यवंशी, गोपाल , शुभम वार्ष्णेय, आदि का विशेष सहयोग रहा

## मकर सक्रांति पर लखावटी पुलिस चौकी पर खिचड़ी का वितरण किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। औरंगाबाद लखावटी नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मकर सक्रांति का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। इस मौके पर अनेक संगठनों व समाजसेवी द्वारा प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। वही गरीब लोगों को कंबल भी बांटे गए । इस मौके पर श्रद्धालुओं ने दान पुण्य किया।

मकर सक्रांति के पावन अवसर पर प्रातः से ही धूप खिली थी। जिसने त्यौहार को और खुशगवार बना दिया।



वहीं थाना औरंगाबाद क्षेत्र के लखावटी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक महिपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रसाद के रूप में लखावटी चौकी पर खिचड़ी वितरण किया। इस से पूर्व थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज और चौकी इंचार्ज लखावटी महिपाल सिंह ने सपत्नीक परिवार के साथ मिलकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया इस दौरान चौकी क्षेत्र से गुजरने वाले राहगीरों और पुलिस के स्टाफ ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर देश के कल्याण की कामना की इस दौरान एसएसआई मुनेंद्र शर्मा, औरंगाबाद चौकी इंचार्ज नीटू कुमार, उप निरीक्षक स्वदेश कुमार, समेत समस्त थाना स्टाफ और कस्बे के गणमान्य लोग उपस्थित रहे

# बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर सीएम योगी ने की लोकमंगल की कामना

गोरखपुर । मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी नागरिकों के सुखमय और समृद्धमय जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मीडियाकर्मियों से बातचीत में सीएम ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला में जगतपिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है। पूरे देश के अंदर अलग-अलग नामों और स्वरूपों में आज सनातन धर्मावलंबी पूरी श्रद्धा के साथ इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के अंदर उत्तर हो, दक्षिण हो,



पूरब हो या पश्चिम हो, अलग-अलग नाम और रूपों में मकर संक्रांति पर्व को लोग मनाते हैं तथा उत्सव के साथ जुड़ते हैं। यह उत्सव भारत की सनातन धर्म की परंपरा में आनंद के क्षणों को एकजुटता और एकता के साथ आयोजित करने तथा अपनी खुशी के साथ पूरे समाज को जोड़ने का विशिष्ट और विराट आयोजन है। उन्होंने कहा कि पूरब के असम में बिहू के रूप में, पंजाब में लोहड़ी के रूप में, सुदूर दक्षिण में पोंगल के रूप में, बंगाल व महाराष्ट्र में तिलवा संक्रांति के रूप में तथा उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महापर्व को श्रद्धालुजन आयोजित करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश की पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान, दान-पुण्य का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यह मेरा सौभाग्य है कि गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली पर बाबा के श्रीचरणों में खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। मकर संक्रांति की बधाई देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों, श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ के पहले अमृत स्नान की भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भगवान गोरखनाथ की पावन तपस्थली पर आस्था की खिचड़ी चढ़ाई जा रही है तो दूसरी ओर इस सदी का पहला महाकुंभ तीर्थपति प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है। सीएम ने कहा कि महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण देश और दुनिया में देखने को मिल रहा है वह अद्भुत और अकल्पनीय है। कल सोमवार को लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई और पुण्य के भागीदार बने। आज प्रयागराज में पूज्य संतों की अगुवाई में लाखों की संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों के साथ सनातन धर्म के प्रति आकर्षित तमाम विदेशी भी इस महाकुंभ के साक्षी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व और त्योहार हमें एकता का संदेश देते हैं। सामाजिक और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने और परंपराओं की पवित्रता कायम रखने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार पर श्रद्धा का भाव अभिनंदनीय है। हम सब का प्रयास होना चाहिए कि हमारे पावन तीर्थ स्वच्छ और सुंदर बने रहें। इसके लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कतई न करें। कहीं भी, जहां-तहां गंदगी न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन और प्रशासन, अनेक स्वयंसेवी संगठन पूज्य संतों और श्रद्धालुओं की सुविधाजनक व्यवस्थाओं में लगे हैं।

# चालाकी से लोगों को बातों में उलझाकर रूपये व आभूषणों की ठगी करने वाले 2 टप्पेबाज गिरफ्तार




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। हापुड़ नगर क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हापुड़ नगर पुलिस पंजीकृत मुकदमे का खुलासा करते हुए धोखाधडी व टप्पेबाजी कर भोले-भाले लोगों से रुपये व कीमती आभूषणों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर ठगो को रेलवे गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से 6 हजार पांच सौ रुपये की नकदी व पीली धातु के आभूषण तीन जोड़ी कुण्डल, दो जोड़ी बाली व एक गले का ओम लॉकेट) बरामद किए हैं जहां पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार किए गए ठग हिमांशु पुत्र सुनील व सूरज पूत्र पूरन निवासी दोनों ऐ- 4, 109 सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी दिल्ली के निवासी बताए गए हैं।

दोनों गिरफ्तार किए गए अभियुक्त गण शातिर किस्म के अपराधी है, जिनके द्वारा रास्ते में घुम फिरकर भोले-भाले लोगों व महिलाओं को चिन्हित कर चालाकी से उन्हें बातों में उलझाकर उनके रूपये व कीमती आभूषण आदि की ठगी कर टप्पेबाजी जैसी घटनाएं कारित करते थे एवं अग्रिम विधि करवाईकी गई।

# बाबा नीम करोली के चमत्कारों पर आधारित दिनेश त्यागी के आवास पर शूट की गई शार्ट फ़िल्म

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़ । स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित अभिनेता,लेखक व कवि दिनेश त्यागी के आवास पर एम बी एम फिल्म्स के बैनर तले निर्माता विजय शर्मा द्वारा निर्मित निर्देशक संजय सक्सेना द्वारा निर्देशित बाबा नीम करोली के चमत्कारों पर आधारित शार्ट फ़िल्म की शूटिंग की गई!

निर्देशक संजय सक्सेना ने बताया कि निर्माता विजय शर्मा बाबा के परम भक्त हैं तथा उनके जीवन पर आधारित वो शार्ट फ़िल्म व धारावाहिक बना रहे हैं जिनमें बाबा के द्वारा भक्तों पर किये गए उपकारों को दिखाया गया है। फिल्म में मुख्य कलाकारों में दिनेश त्यागी, फसीह चौधरी, विजय चौधरी, प्रीति प्रभाकर, मलकीत सिंह, प्रीति सिंह,जूली गौतम,हिमांशु नवीन गुप्ता आदि कलाकारों ने काम किया है! फ़िल्म की सिनेमाटोग्राफी मलकित सिंह लाहौरा ने दी है!

# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पिलखुवा में जगह जगह खिचड़ी के प्रसाद का वितरण कराया गया






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पिलखुवा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बाबा जानकी नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट छिपीवाड़ा, पिलखुवा द्वारा परतापुर रोड पर प्रहलाद नगर स्थित मंदिर पर 2 कुंटल खिचड़ी के प्रसाद का वितरण कराया गया एवं गरीब कन्याओं को गरम मोज़े बाटे गये। इस संस्था का मुख्य उदेश्य गरीब कन्याओ का विवाह कराना एवं गरीब कन्याओ को शिक्षा प्राप्त कराना है। इस पावन अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु राणा, अमित सिरोही, तारा चंद रुहेला , धर्मवीर लाला, पुनीत मित्तल, सीमा मित्तल, आरती, नरेश, विनोद तोमर, गौरव रुहेला, पलक्षा रुहेला, मनोज तोमर, प्रदीप कुमार, सुखवीर सिंह फौजी आदि लोग उपस्थित रहे।पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी) नगर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें खिचड़ी पकौड़ी का वितरण किया गया। वहीं गत वर्षों की भांति इस बार भी किन्नरों ने अपने किन्नर गुरु शोभा बुआ की बैंड बाजों के साथ रेलवे रोड से शोभा यात्रा निकाली जिसमें नगर के की बैंड बाजों को शामिल किया गया शोभा यात्रा रेलवे रोड से शुरू हो कर मंडी तिराहा, जवाहर बाजार,मेन तिराहा, गांधी बाजार से निकली जो कि शिवाजी नगर में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में दूर दराज से किन्नर शामिल हुए। चंडी रोड स्थित पर मनीष किराना स्टोर खिचड़ी वितरित की गई जिसमें ललित गर्ग, मनीष सिंघल,रवीष सिंघल, पीयूष गर्ग, प्रभात,के एल एन बिजनेस एक्सपर्ट द्वारा नगर पालिका पिलखुवा और चंडी मंदिर पर भंडारा कर लोगो की सेवा की जिसमे गुरमीत चौधरी, वंश प्रताप सिंह, अमरजीत चौधरी, विशाल रावत, अजय रावत, अभिषेक सिंह, मनी शर्मा, सनी पंडित, कपिल तोमर, निक्की यादव, मनीष सैनी, दीपांशु वशिष्ट, धनञ्जय तोमर ने मिलकर भंडारे की सारी व्यवस्था देखी रेलवे रोड पर।पिलखुवा मे मकरसंक्रांति के तोहार पर अग्रवाल मोबाईल रेलवे रोड पिलखुवा पर प्रसाद बाटते हुए प्रसाद को लोगों ने लेकर खाया जिस विनोद अग्रवाल,धनेश किताब वाले सचिन निशु बिट्टू शर्मा माधव अर्जुन आशु संजय टी वी रामगोपाल, रामकुमार गजेंद्र राठी आदि उपस्थित रहे विनोद अग्रवाल,गोलू, रामकुमार पूर्व सभासद आदि ने खिचड़ी वितरित की।

# स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**




हापुड़। एलायंस क्लब हापुड़ गौरव के तत्वावधान मे रेलवे रोड स्थित सिटी प्लाजा में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। संस्था की अध्यक्ष मधु गर्ग ने कहा कि की स्वामी विवेकानंद करोड़ों भारतीयों के आदर्श हैं।उनका व्यक्तित्व ही अत्यंत विराट था। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा आराधना बाजपेई ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो के सम्मेलन के अवसर पर विश्व की धर्म संसद में ओजस्वी और सारगर्भित भाषण देकर भारत माता का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया था। स्वामी विवेकानंद हमारे आदर्श हैं वे हम सभी भारतीयों के प्रेरणा के श्रोत हैं। पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहेंगी।

उनकी शिक्षाएं पूरी दुनियां भर में प्रचलित हैं। सचिव संतोष शर्मा ने कहा कि विवेकानंद का मूल मंत्र था कि शिक्षा की शक्ति समाज को बदल सकती है। आध्यात्मिकता को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल किया जाना चाहिए। कोषाध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सर्वधर्म समभाव में विश्वास रखते थे।

उन्होंने कहा था कि हमें आत्मविश्वास का महत्व समझना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सिमरन गोयल व अर्चना कंसल ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला इस अवसर पर बीना वर्मा,संतोष खन्ना,उर्मिला शर्मा,नीरू मित्तल,दीपाली जैन,नीना अग्रवाल,सीमा गोयल, सिमरन गोयल,अर्चना कंसल ,रजनी बंसल,सुनीता शर्मा डा आराधना बाजपेई,मधु गर्ग,संतोष शर्मा,पारुल अग्रवाल,संतोष गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# आनंदा डेयरी लिमिटेड ने भव्य आनंदा उत्सव का आयोजन किया गया






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । पिलखुवा आनंदा डेयरी लिमिटेड ने अपने पिलखुआ स्थित मुख्य परिसर में आनंदा उत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों पशुपालक किसान, डिस्ट्रीब्यूटर और आनंदा टीम के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने किसानों, डिस्ट्रीब्यूटरों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्ड , सिल्वर और ब्रॉन्ज प्रशस्ति पत्रों के साथ पुरस्कार प्रदान किए। विशेष आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने कार्यक्रम में आए सभी परिवारों को संबोधित करते हुए सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण का शुद्धिकरण होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें फोक डांस, जादूगर शो, राम कीर्तन और झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को आनंदा की डायरेक्टर सुनीता दीक्षित ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महत्वपूर्ण उपस्थिति कार्यक्रम में रघुराज प्रताप कोतवाली प्रभारी पिलखुवा,सतपाल सिंह भाजपा जिला प्रभारी अमरोहा,आनंदा की डायरेक्टर सुनीता दीक्षित, सूरज दीक्षित, राहुल दीक्षित, प्रवीण मित्तल, दिनेश प्रधान खेरपुर खेराबाद भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। आनंदा का संकल्प यह उत्सव आनंदा डेयरी के प्रति किसानों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और कर्मचारियों के योगदान को सराहने और उनके साथ साझेदारी को मजबूत करने का प्रतीक है। आनंदा हमेशा अपने उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे भी हम नए उत्पादों के आरएनडी और विकास में लगातार जुटे रहेंगे।

# कांग्रेसी कार्यकर्ता मईनुद्दीन इदरीसी का सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़। मंगलवार को कांग्रेस जनों ने कांग्रेसी कार्यकर्ता मोइनुद्दीन इदरीसी के निधन पर अपना गहन दुख व्यक्त किया है और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन आदि ने कांग्रेसी कार्यकर्ता मोइनुद्दीन इदरीसी के पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा रख उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई देकर अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया है कि सोमवार को मोइनुद्दीन इदरीसी जी का हापुड़ में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। उन्होंने बताया है कि मोइनुद्दीन इदरीसी कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहे हैं और वर्तमान में शहर कांग्रेस कमेटी में सचिव के पद पर कार्यरत थे। एवं पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में समय-समय पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते रहे हैं। उनके आकस्मिक निधन से पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा है कि मोइनुद्दीन इदरीसी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। जैसे ही उन्हें उनके निधन की सूचना मिली, वे मंगलवार को उनके आवास विकास कॉलोनी बुलंदशहर रोड स्थित निवास पर पहुंचे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस का हर कार्य कर्ता उनके परिवार के साथ खड़ा है और अपनी गहन संवेदना व्यक्त करता है। मंगलवार को ईदगाह स्थित कब्रिस्तान में उनका दफीना किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ वरिष्ठ कांग्रेसी/पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, राकेश त्यागी, राम प्रसाद जाटव, अंकित शर्मा, अमित सैनी, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, खालिद खान, फिरोज कुरैशी, सचिन कुमार, निसार पठान, एजाज अहमद, सहित कई कांग्रेस जन मौजूद रहे!

# रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने 10 रन से रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की

गाजियाबाद । नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में मंगलवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने एम टेन क्रिकेट एकेडमी को 10 रन से शिकस्त दी। मैच में वरुण यादव को 74 रन की शानदार पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहरू स्टेडियम में टॉस जीतकर रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 34.1 ओवर में 251 रन बनाकर आउट हो गई।उसकी तरफ से वरुण यादव ने मैच में कई शानदार शॉट लगाते हुए 74 रन की उम्दा पारी खेली। इसके अतिरिक्त अन्य बल्लेबाजों में केशव डबास ने 44 रन, यश ने 40 और मोहित ने 33 रन का टीम के लिए अहम योगदान दिया। विरोधी टीम की तरफ से गेंदबाज विवान जिंदल और शुभम वर्मा को दो-दो विकेट और विनय को एक विकेट हासिल हुआ। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी एम टेन क्रिकेट एकेडमी की टीम की शुरुआत अच्छी रही लेकिन टीम ने अंत समय में लगातार विकेट गंवाते हुए 40 ओवर में 241 रन ही बना सकी। विनय कुमार ने सर्वाधिक 60 रन की बेहतरीन पारी खेली। आर्यन ने 49,अंश शर्मा ने 38 और विवान ने 20 रन बनाए। रविंद्र यॉर्क की तरफ से अमन गोस्वामी एवं कार्तिक ने दो-दो विकेट झटके।74 रन की शानदार पारी खेलने वाले वरुण यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे



गाजियाबाद । सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे। इसको लेकर सासन के निर्देश पर सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया गया है। शासन ने निर्देश दिए हैं कि अगर किसी भी चिकित्सक के खिलाफ निजी प्रैक्टिस की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले काफी समय से शासन को सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस करन की शिकायत मिल रही थी। इसको देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक ने सभी जनपद में कार्यरत डॉक्टरों को किसी भी स्थान पर प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करने और किसी रोगी को निजी अस्पताल के लिए रेफर नहीं करने के निर्देश दिए गए है। शासन ने इस संबंध में सभी चिकित्सकों को इस आशय का शपथ पत्र देने के निर्देश दिए हैं। शासन से निर्देश के बाद सभी अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी पर तैनात चिकित्सकों से 10 रुपए के स्टांप पर शपथ पत्र लिया गया है। चिकित्सकों से यह भी लिखित में लिया गया है कि अगर वह प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाए गए तो विभागीय कार्यवाही किए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डा. राकेश कुमार ने बताया कि सभी चिकित्सकों ने शपथ पत्र जमा कर दिए है। जल्द ही शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# मुकेश त्यागी ने अपने जन्मदिन पर प्रसाद का किया वितरण दी शुभकामनाएं



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी के जन्मदिन पर संस्था के जिला सूचना मंत्री श्याम वर्मा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर प्रतीक चिन्ह देकर कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। तो वहीं मुकेश त्यागी ने अपने जन्मदिन व मकर संक्रांति के उपलक्ष में प्रसाद का वितरण किया और राहगीरों ने प्रसाद वितरण की प्रशंसा की।जहां संस्था के जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप फेसबुक व फोन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। तो वहीं बुलंद रहे सदा आपके सितारे टलती रहें आपकी सारी बलाएं इसी दुआ के साथ छोटे भाई मुकेश त्यागी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं के साथ राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी ने बधाई और शुभाशीष सदैव खुश रहो मुस्कुराते रहो व स्वस्थ्य रहो के साथ दीर्घायु की कामना की है।

# सर्वधर्म समभाव में ,बसता है आनंद,अमरीका के मंच से,कहें विवेकानंद-डॉ अनिल बाजपेई




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ ।जायंट्स ग्रुप ऑफ के तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित सिटी प्लाजा में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन डा अनिल बाजपेई ने किया एवं अध्यक्षता योगेश गर्ग ने की। डा अनिल बाजपेई ने कविता के माध्यम से कहा कि सर्वधर्म समभाव में ,बसता है आनंद! अमरीका के मंच से,कहें विवेकानंद! अन्य रचना में बाजपेई ने कहा ,वसुधा एक कुटुंब है,यही गीत अरु छंद! शब्दमालिका में सजे, संत विवेकानंद। योगेश गर्ग ने कहा ,अपने भाषण से ,छुआ जिन्होंने अर्श! वही विवेकानंद जी ,सबके हैं आदर्श!! पवन सक्सेना ने कहा, स्वामीजी का विश्व में व्यक्तित्व बहुत विराट, दुनिया में उन्नत किया, मां भारती का ललाट!! राजेश शर्मा ने कहा,स्वामी जी इन हवाओं में हैं,इन फिजाओं में हैं। संजय गोयल ने कहा ,स्वामी जी का चिंतन,मनन,और दर्शन,हम सभी भारतीयों का कर रहा मार्गदर्शन डा आराधना बाजपेई ने कहा फूलों में जैसे बसे,गंध और मकरंद,यों सबके दिल में रचे,बसे विवेकानंद! अनुज गोयल ने कहा जब तक चांद सितारे हैं,जब तक बहारें हैं! स्वामी जी दिलोंमें रहेंगे। अनुराग गर्ग ने कहा कि स्वामी जी के प्रति हम सभी का अटूट प्यार है,उनके लिए ये जां भी निसार है।

# सड़क हादसे में डीआरडीओ के फायर फाइटर की मौत

गाजियाबाद ।कविनगर थानाक्षेत्र के लालकुआं इलाके में रविवार देर रात तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से डीआरडीओ के फायर फाइटर की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना मालाखेड़ा जिला अलवर, राजस्थान के गांव छाजूराम दिनेश मीना का कहना है कि उनका 23 वर्षीय छोटा भाई रामकेश मीना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में फायरफाइटर के पद पर तैनात था। 12 जनवरी की रात करीब एक बजे गाजियाबाद से हापुड़ जाने के लिए वह लालकुआं पर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। घटना में उनका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में दिनेश मीना ने कविनगर थाने में शिकायत दी। दिनेश मीना के मुताबिक गाड़ी का चालक नशे की हालत में था। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। गाड़ी के नंबर की मदद से आरोपी चालक को ट्रेस कर उसके खिलाफ आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



ट्रांस हिंडन ।सोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला आया है। टीला मोड़ थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। टीला मोड़ पुलिस के मुताबिक दिल्ली निवासी नाबालिग ने दिल्ली में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी यहां ट्रांसफर की गई। पीड़िता के मुताबिक कंकरखेड़ा मेरठ निवासी युवक अनस पुत्र इंतजार से उसकी इंस्टाग्राम के जरिए जान पहचान हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार मुलाकात की और भरोसे में लेकर शादी का झांसा दिया। आरोप है कि युवक ने उसे अप्रैल महीने में टीला मोड़ थाना क्षेत्र स्थित तुलसी निकेतन के पास एक होटल में बुलाया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में शादी की बात करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# सामाजिक रूप से खिचड़ी वितरण कर मनाया मकर संक्रांति पर्व - दीपांशु शर्मा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा सनातन आस्था के पावन पर्व मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम-आगाहपुर सै.41 नोएडा में किया गया
जिसमें कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो लोगो ने खिचडी प्रसाद का आनंद लिया! वहीं संस्था के अध्यक्ष दीपांशु शर्मा ने बताया कि यह पर्व हम सभी को सनातनी आस्था के साथ साथ सामाजिक सेवा कार्यों के प्रति जोड़ता है इस मौके पर-ऱ्दीपांशु शर्मा(संस्थापक),अनमोल सहगल,निखिल रेक्सवाल,अनूप गुर्जर,चौधरी इंद्रपाल,हर्ष,आर्यन शुक्ला आदि उपस्थित रहे!

## नोएडा कांग्रेस के नेताओं ने मनाया नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । नोएडा कांग्रेस के नेताओं ने महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन महानगर कांग्रेस कार्यालय सेक्टर -52 पर चद्दर उडाकर पगड़ी पहनाकर,गुलदस्ता देकर केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हिमाचल के प्रभारी लियाकत चौधरी ने कहा की नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन आज कांग्रेस कार्यालय पर जाकर हमने बधाई दी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा ने मुकेश यादव के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हम दीर्घायु की कामना करते हैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते है पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने भी बधाई दी,इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा,अल्पसंख्यक नेता लियाक़त चौधरी,पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा,नोएडा,सतपाल गर्ग, अरुण प्रधान,सतीश पांचाल, अरुण कुमार,सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे

# कारोबारी को धमकी देने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा । पुलिस ने ग्रेनो वेस्ट के पतवाड़ी गांव में रहने वाले कारोबारी को धमकी देने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है। हिस्ट्रीशीटर ने कारोबारी को फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। इसका एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पतवाड़ी गांव निवासी कारोबारी जितेंद्र अग्रवाल ने गांव के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर दीपक यादव पर फोन कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। आरोपी ने कारोबारी के बच्चों को भी गोली मारने की धमकी दी थी। इसका एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित ने आरोपी की शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की थी। बिसरख कोतवाली पुलिस ने वायरल ऑडियो का संज्ञान लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक यादव को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दीपक हिस्ट्रीशीटर है।

## अशोक विहार में बदमाशों ने एक मकान पर की 24 से ज्यादा राउंड फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

गुरुग्राम । गुरुग्राम का अशोक विहार इलाका मंगलवार सुबह गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अशोक विहार में फेज-3 में स्थित एक मकान पर बाइक सवार बदमाशों ने 24 से ज्यादा राउंड फायरिंग की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बदमाशों ने सुबह 5.36 बजे फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घर के शीशे सहित दीवार पर गोलियां लगी हैं। फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फायरिंग करने के बाद मकान में कौशल गैंग ग्रुप के नाम से पर्ची डाली गई है। पर्ची में कौशल चौधरी, पवन शौकीन, सौरव गादोली, बंबीहा ग्रुप, भुप्पी राणा, सुखदीप बुद्ध के नाम लिखे हैं। मकान का मकर संक्रांति के दिन यानी आज उद्घाटन होना था। लेकिन गनीमत रही की मकान में घटना के वक्त कोई नहीं था। फायरिंग की घटना के बाद से अशोक विहार इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले कि जांच में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। फिलहाल, घटना के कारणों का कुछ पता नहीं चला है। जांच के बाद इसका खुलासा हो सकेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राम निवास ने यह मकान बनाया है। उनका कंस्ट्रक्शन का कार्य है। इस मकान का आज उद्घाटन होना था। बाइक सवार बदमाशों ने मकान में ताबड़तोड़ फायरिंग की। लोगों को लगा कि पर्व के कारण आतिशबाजी हो रही होगी। लेकिन सुबह जब लोग घर से बाहर निकले तो उन्हें गोलियों के खोल सड़क पर पड़े दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना राम निवास के परिवार और पुलिस को दी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लंबे समय से फरार 10 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार



नोएडा । सेक्टर-63 पुलिस टीम ने गैंगस्टर ऐक्ट में फरार चल रहे बदमाश को मंगलवार को बहलोलपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधिकारियों ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गाजियाबाद के खोड़ा निवासी उत्तम कुमार को गिरफ्तार किया गया। वह मूलरूप से बिहार के जिला नवादा का रहने वाला है। उत्तम अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन डाटा शीट निकालता था। इससे लोगों के मोबाइल नंबर प्राप्त कर फर्जी स्वीकृति पत्र तैयार करता था। वह इसे लोगों के व्हाट्सऐप नंबर पर भेजकर विभिन्न फाइनेंस कंपनी से लोन दिलवाने और गैस एजेंसी दिलाने का झांसा देता था। वह लोगों से प्रोसेसिंग फीस और हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर ठगी करता था। इसकी एवज में 1999 से 9500 तक वसूलता था। इसके बाद ग्राहक को न तो गैस एजेंसी मिलती और न ही लोन। आरोपी को 26 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वर्ष 2024 में आरोपी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। गिरफ्तारी न होने के कारण आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं।

# गालगोटिया विश्वविद्यालय में फ्रेशर फेस्ट 2025 के अवसर पर शार्वी यादव के मोर्नी और सिड के पंजाबी हिट्स ने मचाई धूम

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा । गलगोटिया विश्वविद्यालय के प्रांगण में दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ फ्रेशर फेस्ट 2025, विश्वविद्यालय के मुख्य मंच पर एक शानदार कार्यक्रम के साथ अपने रंग में रंग गया। इस महोत्सव में नए छात्रों ने अपनी प्रतिभा का ज़ोरदार प्रदर्शन किया, जिसमें पहले राउंड के बाद प्रश्नोत्तर सत्र और नोटेवदा प्रदर्शन शामिल थे। दिन की शुरुआत टॉप 12 प्रतिभागियों के साथ हुई, जो मिस और मिस्टर फ्रेशर के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। जज पैनल में अक्षत अग्रवाल, देवांश कौशिक और अविनेंद्र प्रताप सिंह शामिल थे। इस शानदार कार्यक्रम में मिस फ्रेशर का खिताब इक्षा राज को और मिस्टर फ्रेशर का खिताब सुमित गंगवार को दिया गया।
इसके अलावा, मिस वेल ड्रेस्ड का खिताब शाक्या शेक को और मिस्टर वेल ड्रेस्ड का खिताब सतीश जोशी को मिला। शाम का समापन एक भव्य प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें शार्वी यादव ने मोर्नी गाना गाया, जबकि सिड के ने पंजाबी हिट्स से समां बांध दिया। इस कार्यक्रम ने न केवल नए छात्रों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि गालगोटियास यूनिवर्सिटी के छात्र परिषद द्वारा आयोजित इस महोत्सव ने सभी को एकजुट किया। फ्रेशर फेस्ट 2025 ने साबित कर दिया कि गालगोटियास यूनिवर्सिटी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, और यह एक यादगार शाम बन गयी। गलगोटिया विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा0 ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
और उन्होंने कहा कि भारत महान प्रतिभाशाली युवाओं का देश है। और गलगोटिया विश्वविद्यालय देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने वाले आप जैसे सभी विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास के लिये सदैव कृत संकल्पित है।

# कायस्थ सभा ने मनाया चित्रगुप्त मन्दिर का 25वां स्थापना दिवस



नई दिल्ली । कायस्थ सभा यमुना विहार ने श्री चित्रगुप्त मन्दिर का स्थापना दिवस यमुना विहार मे बडी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मन्दिर मे विशेष पूजा का आयोजन किया गया तथा छोले चावल और हलवे का भंडारा किया गया प्रसाद मे तिल के लड्डू, मूँगफली व रेवडी बाटी गई और इस सर्दी के मौसम मे कायस्थ सभा की तरफ से असहाय परिवारों को कंबल वितरण किए गए और चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना भी की गई। इस अवसर पर दशा परिवर्तन समाज सेवा संगठन के संस्थापक विजय सक्सेना और कायस्थ सभा अध्यक्ष अमित वर्मा, हरीश गोविंद सक्सैना, राजीव श्रीवास्तव, अरूण सक्सैना, निधि सक्सैना उमेश सक्सैना, मुकेश सक्सैना, राजेंद्र सक्सेना अवनीश श्रीवास्तव, नरेश निगम, उमेश चंद सक्सेना विशाल श्रीवास्तव, कल्पना सक्सेना, कांति निगम, निधि सक्सेना, मनोज सक्सेना बी एस भटनागर व और मैम्बरो ने अपना भरपूर सहयोग किया।

# गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम की तैयारियों हेतु कमेटी सदस्यों के साथ हुई बैठक



नई दिल्ली । दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा बीते दिनों फैसला किया गया था कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम को कमेटी पूर्ण श्रधा भावना के साथ पूरा साल मनाएगी और नव वर्ष की शुरुआत होते ही कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो एवं धर्म प्रचार के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर के द्वारा कार्यक्रमों की रुप रेखा तय करने हेतु सदस्यों के साथ मीटिंग की। स: हरमीत सिंह कालका, स: जगदीप सिंह काहलो एवं स: जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि सदस्यों के साथ मीटिंग करके दिल्ली के सभी वार्डों में कार्यक्रम करने हेतु विचार किए गए इसके साथ ही स्टेट लैवल पर गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर सैमीनार, विचार गोष्ठी, कीर्तन समागम, कवि दरबार आदि किए जायेंगे ताकि गुरु साहिब की महान शहादत का इतिहास घर घर तक पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सभी तख्त साहिबान सहित देश के सभी राज्यों की धार्मिक जत्थेबंदीयों को भी साथ लेकर कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाई जायेगी ताकि 350वां शहीदी समागम को यादगार बनाया जा सके। इस मौके पर कमेटी उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाणा, सचिव जसमैन सिंह नोनी, सदस्य भुपिन्दर सिंह भुल्लर, प्रभजीत सिंह जीती, भुपिन्दर सिंह गिन्नी, हरजीत सिंह पप्पा, अनूम सिंह घुम्मन, गुरमीत सिंह भाटिया, परमजीत सिंह चंडोक, जसप्रीत सिंह विक्की माना मौजूद रहे।

# दिल्ली में सुबह घने कोहरे के कारण रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित



नई दिल्ली । दिल्ली में मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता शून्य हो गई और रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, सुबह छह बजे तक कुल 39 ट्रेन देरी से चल रही थीं। कुछ ट्रेन 30 मिनट की देरी से चल रही थीं, जबकि कुछ ट्रेन चार घंटे तक की देरी से चल रही थीं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, भारतीय समयानुसार सुबह 4.30 बजे से पालम में दृश्यता शून्य हो गई तथा छह-आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही हैं। आईएमडी ने बताया कि सफदरजंग में सुबह साढ़े पांच बजे से घने कोहरे के कारण दृश्यता न्यूनतम 50 मीटर तक सीमित रही और हवा की गति बेहद धीमी थी। दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक, 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के वायु गुणवत्ता बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 के साथ खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।
आईएमडी ने दिन में घने से बहुत घने कोहरे का अनुमान जताया है तथा इस दौरान अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

# डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद समेत कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंगलवार को डाबरी वार्ड से भाजपा की पूर्व पार्षद और नजफगढ़ जिला की उपाध्यक्ष रेखा विनय चौहान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। उनके साथ 2020 में भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रहे विनय चौहान और आदर्श नगर वार्ड-15 से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र गोयल समेत कई नेताओं ने भी आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार मजबूत होता जा रहा है। अलग-अलग पार्टियों के अच्छे लोग काम की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए लगातार आम आदमी पार्टी परिवार से जुड़ रहे हैं। इन लोगों के आने से आम आदमी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान रेखा विनय चौहान के साथ निगम पार्षद दुलतमा चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, ओम प्रकाश चावड़िया और हरकेश पांडे ने भी आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया। साथ ही, रामलीला समिति आदर्श नगर के चेयरमैन मास्टर जय किशन गोयल, राम मंदिर के अध्यक्ष एवं मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष नरेश टंडन, रामलीला समिति आदर्श नगर के महासचिव तरुण कुमार गुप्ता भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

# दिल्ली के गाजीपुर में युवक की पीट-पीट कर हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक युवक की पत्थर और ईंट से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. पुलिस ने हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक की पहचान दिल्ली से सटे यूपी के खोड़ा कॉलोनी निवासी दीनदयाल के तौर पर हूई है. डीसीपी अभिषेक ने बताया कि सोमवार रात तकरीबन 12.00 बजे गाजीपुर पेपर मार्केट में एक युवक के हत्या की सूचना मिली, सूचना मिलने के बाद गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. डीसीपी अभिषेक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया गया है. हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई. जांच के लिए गाजीपुर थाना, स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की विशेष टीम का गठन किया गया. इस टीम ने जांच शुरू की, जांच के दौरान मृतक की पहचान दीनदयाल उर्फ पवन यादव के तौर पर हुई है. पवन खोड़ा कॉलोनी का हिस्ट्रीशीटर था. डीसीपी के मुताबिक घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खांगला गया. जिससे हत्या में शामिल चार आरोपियों की पहचान हो गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप, इरफान, राहुल ठाकुर और निखिल गौतम के तौर पर हुई है. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि खोड़ा कॉलोनी थाने का घोषित अपराधी के साथ मिलकर उन्होंने पवन की हत्या की है मुख्य आरोपी की तलाश जारी- पुलिस ने बताया कि पवन और मुख्य आरोपी ने मिलकर कारोबार शुरू किया था. लेकिन कुछ समय बाद दोनों में झगड़ा हो गया, दोनों अलग हो गए. एक महीने पहले मुख्य आरोपी और पवन के बीच मारपीट हुई थी.
इसी बात को लेकर मुख्य आरोपी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर पवन की पीट-पीट कर हत्या कर दी और फरार हो गए. डीसीपी ने बताया कि हत्या में शामिल मुख्य आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है. जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# ऐसा लग रहा है जैसे शाहदरा की जनता आज ही वोट डालने जा रही है - जितेंद्र सिंह शंटी





नई दिल्ली । दिल्ली की शाहदरा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र सिंह शंटी ने मंगलवार को नामांकन दाखिल करने से पहले पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए। जिन्होंने शंटी भैया जिंदाबाद जैसे नारे लगाकर उनकी हौसला अफजाई की। इसके बाद वह शमशान घाट पहुंचे। वहां उन्होंने नमन किया और फिर शिवजी की मूर्ति को नमन किया।
इसके बाद वह क्षेत्र की जनता से वोट मांगने के लिए निकले। इस दौरान आप पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा भी उनके साथ मौजूद रहे। इस मौके पर जितेंद्र सिंह शंटी ने कहा कि आज का माहौल बहुत ही उत्साहित लग रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे शाहदरा की जनता आज ही वोट डालने जा रही है। यह ईश्वर की कृपा है। उन्होंने आगे कहा कि जनता जनार्दन होती है। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि शंटी चुनाव नहीं लड़ रहा है।
मेरी जनता चुनाव लड़ रही है। मैं अंत में यही कहना चाहूंगा कि राजनीति का चुनाव नहीं लड़ रहा हूं, बल्कि सेवानीति का चुनाव लड़ रहा हूं। इस मौके पर आप नेता राघव चड्ढा ने कहा कि आज शाहदरा विधानसभा सीट से हमारे प्रत्याशी शंटी जी अपना नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। मैं आज उनके रोड शो में हिस्सा लेने जा रहा हूं। आज जो हुजूम निकला है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति में ऐसा होना चाहिए कि जो पार्टी योजना लेकर आती है, तो दूसरी पार्टी को चाहिए कि वो उससे अच्छी योजना लेकर आए, ताकि दिल्ली की जनता के पास विकल्प रहे। लेकिन, मौजूदा समय में ऐसा बिल्कुल भी देखने को नहीं मिल रहा है, मगर दिल्ली की जनता ने एक बार फिर से आम आदमी की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। वहीं, अगर जो लोग मतदाताओं को रिझाने के लिए पैसे और शॉल बांट रहे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।
हमें पूरा विश्वास है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव कराएगा और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शंटी को ना केवल शाहदरा बल्कि पूरी दिल्ली की जनता जानती है। इन्हें एंबुलेंस मैन के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यह हमेशा लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं।

## सादगी अंदाज में अलका लांबा ने किया नामांकन

नई दिल्ली । अलका लांबा ने 14 जनवरी को अपने चुनाव कार्यालय के उदघाटन के बाद बेहद सादगी भरे अंदाज में अपना नामांकन दाखिल किया।
कालकाजी की जनता को रोड शो या जुलूस की वजह से भारी जाम का सामना न करना पड़े और लोगों के रोजमर्रा के कामों में कोई खलल न पड़े इसलिए अलका लांबा अपने वकीलों की टीम के साथ एक गाड़ी में नामांकन करने पहुंची।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव- कांग्रेस ने प्रचार के लिए लांच की एल.ई.डी. वैन



नई दिल्ली । दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ ने पांच एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर मतदाताओं को कांग्रेस की पांच गारंटियों और जनता से किए गए वादों को पूरा करने में केजरीवाल सरकार की घोर विफलता के बारे में बताएं कि पिछले 10 वर्षों में शहर का विकास करने की जगह दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। वैन पर टैगलाइन में कहा गया है, ''10 साल से रुके हुए विकास को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस जरूरी है''। एलईडी वैन के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, सिद्धार्थ राव, जतिन शर्मा, तस्वीर सौलंकी, प्रवक्ता अस्मा तसलीम, रश्मी सिंह मिगलानी और अरुण अग्रवाल शामिल थे। एलईडी वैन सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के वादों को लोगों तक पहुंचाएगी, जिसमें 2500 रुपये की प्यारी दीदी योजना, सभी निवासियों के लिए 25 लाख रुपये की मुफ्त स्वास्थ्य बीमा योजना, शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्रतिमाह 8 500 रुपये अप्रेंटिसशिप की गारंटी की कांग्रेस ने घोषणा की है और देश में कांग्रेस शासित राज्यों में यह वाद किए है। वैन में स्थापित वीडियो ग्राफ़िक रूप से भ्रष्टाचार, नागरिक सेवाओं की गिरावट, टूटी सड़कों और जब कोविड -19 महामारी चारों ओर मौत का कारण बन रही थी, कैसे केजरीवाल और भाजपा ने दिल्ली के लोगों को उनके भाग्य पर छोड़ दिया था, इसको उजागर किया है, जब लोग कष्ट में थे तो कैसे केजरीवाल और मोदी ने क्रमशः 'शीश महल' और 'राज महल' बनवाया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ पंच दिवसीय कर्तव्योत्सव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन। बिहारी पुरा स्थित श्रीहरिदास पीठ में श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन भारत ट्रस्ट द्वारा चल रहा पंच दिवसीय कर्तव्योत्सव विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।
महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने अपने विचार व्यक्त करते हुये ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक सेवा समाज का कर्तव्य है। समाज के प्रत्येक प्राणी को अपने स्तर से संस्कृति की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचीन स्वामी हरिदास मंदिर में पूर्व मंत्री व उत्तरप्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष माननीय रविकांत गर्ग का फाउंडेशन ट्रस्ट व अंतर्राष्ट्रीय सेवायत परिषद् के संस्थापक श्रीहरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने हरिदास महाराज का विग्रह, छवि, प्रसाद, गुदड़ी आदि प्रदान कर अभिनन्दन किया। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने आशु कवि आचार्य प्रेम बल्लभ गोस्वामी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय सेवायत परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण गोस्वामी, गोपेश सरस व प्रसिद्ध ब्रजभाषा कवि अशोक अज्ञ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सेवायत परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र बल्लभ गोस्वामी, मुकेश पुरोहित, नवीन पुरोहित, गोपेश सरस, विप्रांश बल्लभ गोस्वामी, नंदू सिंह, कान्हा सिंह, भोला सिंह, श्रीमती नेहा पुरोहितानी, श्रीमती निशा शर्मा, श्रीमती दीप शिखा गोस्वामी, श्रीमती लता, श्रीमती चंचल, श्रीमती गोपी शर्मा, श्रीमती विजय लक्ष्मी गोस्वामी, श्रीमती केसर देवी गोस्वामी, गुंजन गोस्वामी, मुस्कान गोस्वामी, निवेदिता गोस्वामी, प्रवर्तिका गोस्वामी आदि की उपस्थिति विशेष रही। संचालन इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने किया।






# महाकुम्भ में पहली बार भोगाली बिहू पर्व मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ प्रयागराज में इस बार पूर्वोत्तर के राज्यों की कई परंपराएं पहली बार देखने को मिल रही हैं। इसी कड़ी में महाकुम्भ मेला परिसर में पहली बार पूर्वोत्तर का प्रसिद्ध पर्व भोगाली बिहू पर्व मनाया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वोत्तर के संतों के शिविर प्राग ज्योतिपुर में मंगलवार तड़के सुबह विशेष आयोजन किया गया, जिसमें परंपरागत रूप से पर्व मनाने के साथ ही कई राज्यों से आई महिला श्रद्धालुओं ने बिहू नृत्य किया। सुबह के समय चावल से बने व्यंजन को वितरित किया गया। नामघर में नाम कीर्तन का आयोजन हुआ। इससे पहले मेला परिसर की महिला श्रद्धालुओं ने बिहू नृत्य प्रस्तुत कर पूर्वोत्तर की असमिया संस्कृति का रंग महाकुम्भ मेला परिसर में बिखेर दिया। इस अवसर पर एक दिन पूर्व रात में धान के पुआल से बनाए गए भेलाघर और बांस की मदद से बनाए गए मेजी को मंगलवार सुबह जला दिया गया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर के राज्यों के संत, साधक और श्रद्धालु मौजूद रहे। योगाश्रम बिहलांगिनी असम के महामंडलेश्वर स्वामी केशव दास जी महाराज ने बताया कि महाकुम्भ में पहली बार मकर संक्रांति पर मनाया जाने वाला भोगाली बिहू पर्व मनाया गया है। असमिया संस्कृति और पूर्वोत्तर की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए महाकुम्भ में यह अनूठा आयोजन किया गया है। यह आयोजन महाकुम्भ के सामाजिक और सांस्कृतिक दायरे का विस्तार करने के उद्देश्य किया गया है।

# महाकुम्भ में मकर संक्रांति पर अखाड़ों ने किया दिव्य-भव्य अमृत स्नान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

महाकुम्भनगर। तीर्थराज, प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व, महाकुम्भ के अवसर पर मंगलवार को मकर संक्रांति का अमृत स्नान संपन्न हुआ।पौराणिक मान्यता के अनुसार महाकुम्भ में मकर संक्रांति के स्नान को अमृत स्नान माना जाता है। आज भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने की तिथि पर परंपरा अनुसार साधु-संन्यासियों के अखाड़ों ने पूरे विधि-विधान से शोभा यात्रा निकालते हुए अमृत स्नान किया। सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले श्रद्धालु अखाड़ों के अमृत स्नान को देखने और नागा, बैरागी साधु,संतों का आशीर्वाद पाने के लिये कतारबद्ध हो कर खड़े थे। हाथों में माले, भाले, तीर, तलवार, त्रिशूल लिए नागा साधुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में ही संगम में अमृत स्नान किया। ब्रह्ममुहूर्त में अखाड़ों के नागा संन्यासियों ने लगाई संगम में डुबकी सहस्त्राब्दियों से चली आ रही महाकुम्भ में अमृत स्नान की अक्षुण सनातन परंपरा को जीवंत होता देख आम जनमानस भाव विह्वल हो उठा। हिमालय की कंदराओं, मठों, मंदिरों में रहने वाले धर्म रक्षक नागा अपना रूप श्रृंगार कर मां गंगा की गोद में अठखेलियां करने उतर रहे थे। परंपरा अनुसार अद्धरात्रि की बेला से ही अखाड़ों में अमृत स्नान की तैयारियां शुरू हो गई थी।
अखाड़े परंपरा और अपने क्रम के अनुसार पूरे लाव-लश्कर के साथ संगम की ओर बढ़ते जा रहे थे। अमृत स्नान की शुरूआत महानिर्वाणी अखाड़े के स्नान के साथ हुई। इसके बाद पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ आवाह्न और पंच अग्नि अखाड़े के नागा साधुओं ने स्नान किया। इनके बाद क्रमशः श्री पंच निर्मोही, पंच दिगम्बर अनि और श्री पंच निर्वाणी अनि के बैरागी अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान में अंतिम क्रम उदासीन अखाड़ा और निर्मल अखाड़े के साधु-संन्यासियों के स्नान का था। सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए अखाड़ों ने किया अमृत स्नान महाकुम्भ में पहले अमृत स्नान के दिन सभी अखाड़ों के नागा, संत सबसे आगे अपने-अपने अखाड़ों की धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। धर्म ध्वजा के पीछे अखाड़ों के नागा संन्यासी इष्ट देव के जयकारे लगाते हुए, इष्ट देव के विग्रह लेकर बाजे-गाजे, ढोल, नगाड़े बजाते हुए त्रिवेणी संगम की ओर बढ़ रहे थे। उनके पीछे पीछे अस्त्र, शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए नागा संन्यासी, आम जन को दुर्लभ दर्शन और आशीर्वाद दे रहे थे। उनके पीछे क्रम से अखाड़ों के आचार्य, मण्डलेश्वर, महामण्डलेश्वर और आचार्य महामण्डलेश्वरों के रथ सज-धज कर चल रहे थे। अखाड़ों के आचार्यों और मण्डलेश्वर के साथ उनके अनुयायी अपने गुरुओं की जयकार करते हुए चल रहे थे। होल्डिंग एरिया से नागा संन्यासी, अपने आचार्यों का अनुसरण करते हुए पूरे जोश और उत्साह के साथ मां गंगा की गोद में अमृत स्नान की डुबकी लगाई। इसके साथ ही करोड़ों की सख्यां में सनातन धर्मावलंबियों ने भी आस्था का अमृत स्नान किया।

# महाकुंभ प्रयागराज 2025- मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

महाकुम्भ नगर। महाकुंभ प्रयागराज 2025 के प्रथम अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति पर देश-विदेश और प्रदेशभर से आए 3 करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान कर सूर्यदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्नान का सिलसिला देर रात से शुरू होकर पूरे दिन जारी रहा। अखाड़ों की भव्य शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र मकर संक्रांति के अवसर पर अखाड़ों की भव्य शोभा यात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बनी। 13 अखाड़ों ने पारंपरिक अनुशासन में संगम तट की ओर प्रस्थान किया और अपने निर्धारित क्रम में पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। नागा साधुओं का परंपरागत वेशभूषा, डमरू की ध्वनि, अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन और युद्ध कौशल श्रद्धालुओं को रोमांचित करता रहा। किन्नर अखाड़ा, आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में हर-हर महादेव के नारों के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुआ और अमृत स्नान कर समाज और मानव कल्याण की कामना की। हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं और अखाड़ों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। गुलाब की पंखुड़ियों से की गई इस पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए इस प्रबंध की श्रद्धालुओं ने सराहना की। स्नान और व्यवस्थाएं महाकुंभ-2025 के इस आयोजन में देश के सभी राज्यों और दुनिया के कई देशों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्नानार्थियों ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। मकर संक्रांति के दिन स्नान, ध्यान और दान का विशेष महत्व होने के कारण श्रद्धालुओं में अद्भुत उत्साह देखा गया। सुरक्षा और स्वच्छता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की व्यवस्थाएं काबिले-तारीफ रहीं। सभी स्नान घाटों पर सफाई कर्मी और पुलिसकर्मी तैनात रहे। अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी श्री सुजीत पांडेय, पुलिस आयुक्त श्री तरुण गाबा, मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत, मेलाधिकारी श्री विजय किरन आनंद और एसएसपी महाकुंभ श्री राजेश द्विवेदी सहित तमाम अधिकारी व्यवस्थाओं की निगरानी में जुटे रहे। महाकुंभ का महत्व महाकुंभ 2025 आध्यात्म, आस्था और विश्वास का प्रतीक है।
यह आयोजन धार्मिकता के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का संगम भी प्रस्तुत करता है। श्रद्धालुओं ने न केवल संगम की पवित्रता का अनुभव किया, बल्कि प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कुशल प्रबंधन की प्रशंसा भी की।

# मोदी का अब भी इंतजार कर रहा है मणिपुर- खरगे

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि मणिपुर करीब डेढ़ साल से संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां जाकर लोगों से नहीं मिले, हालांकि मणिपुर के लोग आज भी श्री मोदी का इंतजार कर रहे हैं। श्री खरगे ने मणिपुर से एक साल पहले आज ही के दिन शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि वहां के लोगों के जख्म पर मलहम लगाने की कोशिश करते हुए श्री गांधी ने एक साल पहले मणिपुर से ही अपनी यात्रा की शुरुआत की थी, लेकिन वहां के लोग आज भी संकट में हैं और समाधान के लिए श्री मोदी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज से ठीक एक साल पहले कांग्रेस ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरु की थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का अनुसरण करते हुए भारत जोड़ो नया यात्रा की शुरुआत मणिपुर से हुई तथा 15 राज्यों से गुजरी थी और 6,600 किलोमीटर की दूरी को कवर किया था। इसका समापन 16 मार्च 2024 को मुंबई में हुआ। उन्होंने कहा, मणिपुर को अब भी प्रधानमंत्री की यात्रा का इंतजार है, जिनके पास दुनिया भर में घूमने के लिए तो समय और इच्छाशक्ति है लेकिन वह मणिपुर के संकटग्रस्त लोगों के पास जाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। वह लगातार अपनी पार्टी के विधायकों और खुद मुख्यमंत्री समेत मणिपुर के राजनेताओं से मिलने से इंकार करते रहे हैं। मणिपुर के लोग तीन मई, 2023 से लगातार दुख, दर्द और पीड़ा में है। अभी कुछ दिन पहले शिक्षा, बाल, महिला, युवा, और खेल संबंधित स्थायी संसदीय समिति को राज्य की स्थिति समझने के लिए वहां के अपने प्रस्तावित दौरे को स्थगित करने के लिए कहा गया।



# महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम - पीएम मोदी

नई दिल्ली । मकर संक्रांति के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं ने मंगलवार को आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ नगर में अमृत स्नान के दौरान समूचा क्षेत्र जय श्री राम, हर हर गंगे, और बम बम भोले के जयकारे से गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महाकुंभ की कुछ तस्वीरें भी शेयर की। पीएम मोदी ने महाकुंभ को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम बताया।
पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम! मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुंभ-2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु जनों का अभिनंदन!
वहीं, एक अन्य पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, आस्था का महासिंधु-एकता का महाकुंभ, तीर्थराज प्रयाग में आज महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सभी अखाड़ों और घाटों पर पुष्प वर्षा सनातन संस्कृति का वंदन, श्रद्धा का अभिनंदन और आस्था को नमन है। महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान का शुभारंभ मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हुआ। संगम के त्रिवेणी तट पर लाखों श्रद्धालुओं और साधु-संतों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था को नया आयाम दिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर ही अपने ईष्ट देव की पूजा-अर्चना की। इस पूजन में तिल, खिचड़ी और अन्य पूजन सामग्रियों का उपयोग किया गया। श्रद्धालुओं ने तिल और खिचड़ी का दान कर धर्म लाभ प्राप्त किया। दान-पुण्य के इस क्रम ने पर्व को और पवित्र बना दिया। मकर संक्रांति के इस पावन दिन संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आस्था और उल्लास का ऐसा नजारा था, जिसने हर किसी के मन को भावविभोर कर दिया। स्नान के दौरान हर कोई अपने जीवन को पवित्र और सुखमय बनाने की प्रार्थना करता दिखा। स्नान के दौरान श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पुण्य और मोक्ष की कामना की। मकर संक्रांति भगवान सूर्य को ही समर्पित पर्व है। मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और दिन लंबे और रात छोटी होने लगती है। स्नान के दौरान ही कई श्रद्धालुओं ने गंगा आरती की। वहीं, श्रद्धालुओं ने घाट पर ही मकर संक्रांति का पूजन-अर्चन किया और तिल-खिचड़ी का दान कर पुण्य कमाया।

# मोदी-केजरीवाल दोनों दलित पिछड़ा विरोधी - राहुल

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए दोनों को दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक विरोधी बताया और कहा कि दोनों वादे करते हैं सपने दिखाते हैं लेकिन उन्हें पूरा नहीं करते। श्री गांधी ने सोमवार को यहां सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी तथा श्री केजरीवाल चुनाव जीतने के लिए सपने दिखाकर जनता को भरमाते हैं, बड़े-बड़े वादे करते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद सब कुछ भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री केजरीवाल दोनों नहीं चाहते कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों को उनका हक़ मिले। सिर्फ कांग्रेस ही सत्ता में समान भागीदारी और संविधान की रक्षा के लिए लगातार आवाज़ उठा रही है। श्री गांधी ने कहा आप सभी दिल्लीवासी इस फर्क को समझिए। जब मैं जातिगत जनगणना की बात करता हूं, तो नरेंद्र मोदी जी और केजरीवाल जी के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि दोनों चाहते हैं, देश में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और माइनॉरिटीज को भागीदारी न मिले। उन्होंने कहा मैंने नरेंद्र मोदी जी से कह दिया है- आप करें या न करें, लेकिन जिस दिन कांग्रेस की सरकार आएगी। हम आरक्षण को 50 प्रतिशत की सीमा से बढ़ा देंगे, जातिगत जनगणना को लोक सभा और राज्य सभा में पास करके दिखाएंगे।




# धार्मिक चुनावों में राजनीतिक पार्टियों का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए- परमजीत सिंह चंडोक

नई दिल्ली । दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सलाहकार परमजीत सिंह चंडोक का मानना है कि धार्मिक चुनावों के अन्दर किसी भी राजनीतिक पार्टियों यां नेताओं का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। धार्मिक चुनावो में केवल उन्हीं शख्सीयतों को आगे आना चाहिए जो धर्म के प्रचार प्रसार को बेहतर तरीके से करने में सक्षम हों। उन्होंने संगत से भी अपील की है कि ऐसे उम्मीदवारों का ही चयन संगत को करना चाहिए। स: परमजीत सिंह चंडोक हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी चुनावों के मद्देनजर गुरुग्राम के गुरुद्वारों में जाकर बीबी गगनदीप कौर सिद्धु के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।
उन्होंने कहा बीबी गगनदीप कौर जो कि श्याम सिंह अटारी के परिवार से सम्बन्ध रखती हैं और उनका स्वयं का भी पूरा पारिवार पिछले लम्बे समय धार्मिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेता है। उन्होंने संत बाबा बलजीत सिंह दादूवाल का आभार प्रकट किया जिन्होंने बीबी गगनदीप कौर को गुरुग्राम वार्ड से उम्मीदवार बनाया है और संगत को भी उनसे काफी उम्मीदें हैं कि अगर वह सफल हो जाती हैं तो निश्चित तौर पर धर्म के साथ साथ एजूकेशन, मैडीकल के क्षेत्र में भी अन्थक कार्य करेंगी। उन्होंने कहा संगत ने कोरोना काल में भी बीबी गगनदीप कौर परिवार की सेवाओं को देखा है कि उन्होंने अपनी जान की परवाह ना करते हुए संगत की सेवा में अहम योगदान दिया।

# ओडिशा सरकार आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों को देगी 20,000 रुपये मासिक पेंशन

भुवनेश्वर । ओडिशा सरकार ने सोमवार को 1975-77 में आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों के लिए 20,000 रुपये मासिक पेंशन और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा को मंजूरी दी। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार यह पेंशन 26 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, 1971) या डीआईआर (भारत रक्षा नियम) या डीआईएसआईआर (भारत रक्षा और आंतरिक सुरक्षा नियम) के तहत जेल में बंद व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी। इसमें कहा गया है, पेंशन जीवित व्यक्तियों (अर्थात जो 1 जनवरी, 2025 तक जीवित थे) के पक्ष में स्वीकृत की जाएगी, भले ही वे जेल में कितने भी समय तक रहे हों। गृह विभाग ने कहा कि वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रावधानों के अनुसार मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठा सकते हैं। ये लाभ 1 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली अवधि के लिए प्रदान किए जाएंगे। 1 जनवरी, 2025 से पहले की अवधि के लिए कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन दोगुनी करने के अलावा मुख्यमंत्री मोहन माझी ने 2 जनवरी को घोषणा की कि आपातकाल के दौरान मीसा के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को 20,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। आपातकाल को लोकतंत्र के सबसे काले दौरों में से एक बताते हुए उन्होंने कहा, मीसा कानून के तहत कारावास झेलने वाले देशभक्तों के सम्मान में हमारी सरकार पेंशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और मुफ्त बस पास मुहैया कराएगी। देश के तीन राज्यों ने आपातकाल के दौरान मीसा या डीआईआर बंदियों के लिए पेंशन योजना शुरू की है। मध्य प्रदेश जहां आपातकाल पीड़ितों को 15,000 से 25,000 रुपये प्रति वर्ष दे रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ 5,000 से 25,000 रुपये प्रति माह और राजस्थान 20,000 रुपये प्रति माह दे रहा है । अगस्त 2019 में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पिछली बीजू जनता दल (बीजद) सरकार ने मधुबाबू पेंशन योजना के तहत आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को 500 रुपये पेंशन देने की घोषणा की थी, लेकिन इसकी अल्प राशि को लेकर काफी आलोचना हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री के पद की मर्यादा बनाए रख- शाह की टिप्पणी पर पवार ने कहा

मुंबई । पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उस टिप्पणी की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने 1978 में उनके(पवार) द्वारा शुरू की गई विश्वासघात और छल की राजनीति को समाप्त कर दिया है। पवार ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 1978 में मुख्यमंत्री था। मुझे नहीं पता कि तब वह कहां थे।'' पवार ने कहा, ''जब मैं मुख्यमंत्री था, तब मेरे मंत्रालय में जनसंघ से उत्तमराव पाटिल जैसे लोग थे।''राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) (राकांपा-एसपी) प्रमुख ने वर्तमान में नेताओं के बीच संवाद की कमी पर दुख जताते हुए कहा कि गृह मंत्री के पद की मर्यादा बरकरार रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पहले नेताओं के बीच सुसंवाद हुआ करता था, लेकिन अब वह गायब है।''रविवार को शिर्डी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा था, ''महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में शरद पवार द्वारा शुरू की गई अस्थिरता और पीठ में छुरा घोंपने की राजनीति को समाप्त कर दिया। आपने ऐसी राजनीति को जमीन में 20 फुट नीचे दफना दिया है।''पवार ने याद दिलाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विपक्ष में होने के बावजूद भुज भूकंप के बाद उन्हें आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया था। पवार ने कहा, ''इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी उनके राज्य से बाहर नहीं निकाला गया।'' उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को दो साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था। पवार ने कहा, ''जब वह (शाह) गुजरात में नहीं रह सके (बाहर निकाले जाने के बाद), तो वह मदद के लिए बालासाहेब ठाकरे के पास गए।''

### हरिद्वार में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिद्वार । धर्मनगरी हरिद्वार में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गंगा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कड़ाके की ठंड के बीच हर की पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का अहले सुबह से पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना की और दान पुण्य कर मोक्ष प्राप्ति की कामना की। मकर संक्रांति पर हरिहर में अनेक स्थानों पर खिचड़ी का भोग प्रसाद वितरित किया गया। पुलिस प्रशासन ने यहां पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन और 28 सेक्टरों में बांट कर हरिद्वार में चाकचौबंद सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाएं की हैं। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह व एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल मेला नियंत्रण कक्ष में रहकर सारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगभग 2000 सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं, जिनमें 400 जिला पुलिस के जवान, पीएसी की तीन कंपनियां और अन्य जनपदों से आए 1000 पुलिसकर्मी शामिल हैं। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है।। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ प्रमुख स्थानों पर अलाव भी जलाए जा रहे हैं। पुलिस ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और ट्रैफिक को सुगम रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के कारण निकटवर्ती सभी पार्किंग खचाखच भरी हुई हैं। मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल, स्वच्छता और प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ घाटों पर सुरक्षा बलों के साथ-साथ गोताखोर भी तैनात हैं। हरकी पैड़ी, जहां सबसे अधिक भीड़ उमड़ती है, वहां पुलिस ने विशेष प्रबंध किए हैं। हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग रास्ते बना कर भीड़ को व्यवस्थित किया जा रहा है।

### मकर संक्रांति के अवसर पर पटना में कृषि ड्रोन प्रदर्शनी

पटना । मकर संक्रांति के मौके पर देशभर में जहां परंपरागत रूप से पतंग उड़ाया जा रहा है और कई स्थानों पर पतंगों की प्रदर्शनी लगाई गई है, वहीं दूसरी ओर बिहार की राजधानी पटना में बिहार कृषि विभाग द्वारा ड्रोन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कृषि ड्रोन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने की। यह पहल देश के किसानों को आधुनिक और उन्नत तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि विभाग के अनुसार % ड्रोन लाए किसानों के लिए समृद्धि का वरदान% नाम की यह योजना आज से शुरू की गई। इस योजना के तहत ड्रोन से खेती को बढ़ावा देना है। कृषि को आधुनिक बनाने और महिलाओं के सशक्तीकरण के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने ड्रोन दीदी योजना संचालित करने का भी निर्णय लिया है। बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक ताकत बन रही स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अब ड्रोन उड़ा रही हैं और किसानों की मदद कर अन्न पैदा करने में सहभागी बन रही हैं। इसके लिए सरकार उन्हें हर प्रकार से प्रशिक्षित करने का काम कर रही है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। पौध संरक्षण विभाग की ओर से ड्रोन से कीटनाशक एवं तरल उर्वरक का छिड़काव भी शुरू किया गया है। माना जा रहा है कि इस नवीनतम तकनीक के प्रयोग से न सिर्फ कृषि में लागत व समय की बचत होगी, बल्कि अच्छी पैदावार होने से किसानों की आर्थिक स्थिति उन्नयन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी इससे स्वावलंबी बनेंगी और उनका भी कृषि के क्षेत्र में दिलचस्पी बढ़ेगी।

### नारायणन ने इसरो के नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला



चेन्नई । प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (एपेक्स ग्रेड) डॉ. वी. नारायणन ने सोमवार को अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कल दोपहर बेंगलुरु में इसरो मुख्यालय में निवर्तमान प्रमुख एस.सोमनाथ से पदभार ग्रहण किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इससे पहले डॉ. नारायणन ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्य किया था, जो इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है, जिसका मुख्यालय तिरुवनंतपुरम के वलियामाला में है। और बैंगलोर में एक इकाई है।

### तमिलनाडु में पोंगल धार्मिक उत्साह, उल्लास से मनाया गया

चेन्नई । तमिलनाडु में पारंपरिक फसल उत्सव पोंगल धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार हर साल शुभ तमिल महीने थाई के पहले दिन पड़ता है और लोग सूर्य देव की पूजा करके बहुत उत्साह के साथ उत्सव की शुरुआत करते हैं। लोगों ने नए कपड़े पहने, चावल, दाल, गुड़ और दूध से बना एक पारंपरिक व्यंजन मीठा पोंगल तैयार किया और किसानों द्वारा भरपूर मौसम के लिए धन्यवाद देने के लिए इसे सूर्य देव को अर्पित किया।
यह ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत धूमधाम से मनाया गया, जहां लोगों ने अपने आंगनों को रंगीन रंगोलियों से सजाया और उत्सव मनाया और पारंपरिक मिट्टी के बर्तन का उपयोग करके पोंगल तैयार किया।